दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 99
कोटद्वार शुक्रवार
4 अगस्त 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## शाह के बयान पर केजरीवाल का पलटवार : सीएम बोले– दिल्ली के लोगों को गुलाम बनाएगा बिल, छीने जा रहे हक

**दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को 'राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली क्षेत्र सरकार संशोधन विधेयक' पर लोकसभा में विपक्ष के हर सवाल का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि इस बिल को संसद में लाकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किसी तरह से उल्लंघन नहीं किया गया है। संविधान के तहत संसद को दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र से संबंधित किसी भी विषय पर कानून बनाने का पूर्ण अधिकार है। अमित शाह के बयान पर दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने पलटवार करते हुए कहा कि लोकसभा में अमित शाह को दिल्ली के लोगों के अधिकार छीनने वाले बिल पर बोलते सुना। बिल का समर्थन करने के लिये उनके पास एक भी वाजिब तर्क नहीं है।

आज लोक सभा में अमित शाह जी को दिल्ली वालों के अधिकार छीनने वाले बिल पर बोलते सुना। बिल का समर्थन करने के लिये उनके पास एक भी वाजिब तर्क नहीं है। बस इधर उधर की फ़ालतू बातें कर रहे थे। वो भी जानते हैं वो ग़लत कर रहे हैं।

गृह मंत्री के बयान पर दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने ट्वीट करके कहा कि "आज लोक सभा में अमित शाह जी को दिल्ली वालों के अधिकार छीनने वाले बिल पर बोलते सुना। बिल का समर्थन करने के लिये उनके पास एक भी वाजिब तर्क नहीं है।

# नई एमएसएमई नीति मंजूर, सभी धर्मों की शादी के लिए रजिस्ट्रेशन जरूरी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज बृहस्पतिवार को मंत्रिमंडल की बैठक संपन्न हुई। बैठक में 30 प्रस्ताव रखे गए जिनमें से 26 प्रस्तावों को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी।मुख्य सचिव एसएस संधु ने प्रेसवार्ता कर पास हुए प्रस्तावों के बारे में जानकारी दी। बैठक में नई एमएसएमई नीति को मंजूरी मिल गई है। वहीं, अब सभी धर्मों के लिए मैरिज रजिस्ट्रेशन जरूरी कर दिया गया है।

**इन प्रस्तावों पर लगी मुहर**

**ऊर्जा विभागः** 2008 में राष्ट्रीय जल विद्युत नीति आई थी। इसके तहत क्षेत्रीय विकास कोष बनाने पर मुहर लगी। प्रोजेक्ट की लागत का एक प्रतिशत उसी क्षेत्र के विकास में लगाया जाएगा। 12% फ्री बिजली प्रदेश को मिलती थी अब उसके बजाय 13% मिलेगी। जब तक भी प्रोजेक्ट चलेगा सरकार को मिलने वाली 1% अतिरिक्त राशि के बराबर की कीमत प्रभावितों को बांटी जाएगी। वहीं, सरकार 1% अतिरिक्त अपनी तरफ से खर्च कर सकती है।

नई एमएसएमई नीति को मंजूरी। पहले उत्तराखंड को 5 श्रेणी में बांटा गया था। अब 4 में बांटा गया है।

सभी धर्मों के लिए मैरिज रजिस्ट्रेशन जरूरी कर दिया गया है। आनंद मैरिज एक्ट के तहत होने वाली शादियां भी इसमें शामिल की गई हैं। जिससे सिख भी रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे।

**आईटी विभागः** ड्रोन नीति 2023 को मंजूरी। राज्य में ड्रोन निर्माण व सर्विस को बढ़ावा मिलेगा। ड्रोन बनाने वालों को लीज रेंट में 75% तक सब्सिडी मिलेगी। साथ ही ड्रोन स्कूल को एक करोड़ तक सब्सिडी मिलेगी। वहीं, ड्रोन सेवाओं में एसजीएसजी से राहत मिली है। इसकी एसओपी भी बनेगी।



**वित्त विभागः** फाइनेंशियल हैंडबुक का सरलीकरण किया गया है। साथ ही एक्सईएन और एसई की पावर बढ़ाई गई है।

पूरी मसूरी को तहसील बनाया जाएगा।

**ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाइनः** कई गांव में काफी कचरा निकल रहा है जो लैंड फाइलिंग में काम आएगा। टिहरी के घिल्डियाल गांव को इसका लाभ मिलेगा। उत्तराखंड संरचना संरक्षण अधिनियम में संशोधन किया गया।

**प्रारम्भिक शिक्षाः** पहली कक्षा में दाखिले के लिए छात्र की आयु दाखिला वर्ष में 1 अप्रैल को कम से कम 6 साल हो।

उत्तराखंड सड़क परिवहन दुर्घटना निधि नियमावली में संशोधन किया गया। साथ ही कुछ पदों के नाम में बदलाव किया गया है।

**सिंचाईः** 75% के बजाय 85% बोरिंग टेक्नीशियन पदों पर सीधी भर्ती होगी।

**आयुष विभागः** लिपिकीय संवर्ग को मर्ज किए गए हैं उनका अब जिले से निदेशालय में तबादला हो सकेगा। पुलिस दूरसंचार विभाग में 8700 ग्रेड पे में दो पदों का सृजन किया गया। कुल 18 पद हैं। पीपीएस ऑफिसर के ढांचे में परिवर्तन किया गया। इसमें दो पद कम किए गए हैं। अब कुल 15 पद सृजित हैं।

**पशुपालन विभागः** कृत्रिम गर्भाधान का काम करने वालों को अब पहाड़ में प्रति केस 100 रुपये व मैदान में 80 रुपये मिलेंगे।

**खेल विभागः** अगले साल राष्ट्रीय खेलों को लेकर निर्णय जल्दी लेने के लिए चीफ सेक्रेटरी की अध्यक्षता में हाई पावर कमेटी का गठन किया गया है।

**गन्ना विकासः** यूपी के बराबर 5.50 रुपये प्रति कुंतल कमीशन गन्ना समितियों को मिलेगा।

रुद्रपुर के ग्राम बागवाला में पीएम आवास प्रोजेक्ट के लिए 15 हैक्टेयर जमीन आवास विभाग के बजाय प्राधिकरण के नाम होगी।

**उद्योगः** अगर व्यक्ति 80 प्रतिशत जमीन खरीद सकता है और 20% नहीं खरीद पाता तो सरकार अधिग्रहण करके देगी।

कौशल विकासः कर्नाटक के मॉडल की तर्ज पर राज्य में टाटा टेक्नोलॉजी 13 आईटीआई को अडॉप्ट करेगा। इंडस्ट्री की मांग के हिसाब से ऐसे कोर्स चलाएगा। सरकार भी कुछ पैसा लगाएगी। साथ ही प्रदेश में मॉडर्न आईटीआई बनेंगे।

**आईटीबीपी को जमीन का मामलाः** देहरादून में खैरी मानसिंग का प्रस्ताव परीक्षण के बाद दोबारा कैबिनेट में आएगा।

चौरासी कुटिया के मास्टर प्लान व डिजाइन के लिए वाराणसी व उज्जैन का मॉडल बनाने वाली कंपनी की मदद से होगा।

**आवास विभागः** हरिद्वार और ऋषिकेश की पुनर्विकास योजना को मंजूरी। दोनों का मास्टर प्लान बन रहा है जो छह माह में तैयार हो जाएगा।

**उच्च शिक्षाः** मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना में बदलाव किया गया है।

उच्चतर शिक्षा समूह की नियमावली आई है जिसमें कई संशोधन हुए हैं। तेजाब की घटनाओं पर केंद्र सरकार के नियमों के तहत उत्तराखंड विष कब्जा एवं विक्रय नियमावली का अनुमोदन हुआ है।

## उत्तराखंड : सरकार ने आई फ्लू को लेकर जारी की गाइडलाइन

**देहरादून।** उत्तराखंड में कंजंक्टिवाइटिस यानी आई फ्लू के तेजी से बढ़ रहे मामलों को देखते हुए सरकार ने गाइडलाइन जारी की है। गुरुवार को स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश जारी किए हैं। राज्य के सभी जिला अस्तपालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के साथ ही प्राइवेट अस्पतालों में रोजाना आई फ्लू के मरीज पहुंच रहे हैं। आई फ्लू के मरीजों की संख्या में इजाफा होते देख अस्पताल प्रबंधन भी लगातार लोगों से आइसोलेट होने को कह रहा है। स्वास्थ्य सचिव की ओर से जारी निर्देशों में कहा गया है कि अगर आपको अपनी आंखों में फ्लू के लक्षण दिखाई दें तो देरी न करें तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। खुद से ही किसी भी दवाई या आई ड्रॉप का इस्तेमाल न करें, इससे जोखिम बढ़ सकता है।

# नूंह में जिसने जो भी किया, उस पर सख्त कार्रवाई होगीः अनिल विज

**चंडीगढ़ , एजेंसी।** करनाल में पूर्व मंत्री शशिपाल मेहता का हालचाल जानने गुरुवार को उनके घर पहुंचे हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने कहा कि नूंह उपद्रव में जो भी दोषी होगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। अब तक 83 एफआईआर दर्ज हो चुकी है और 159 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस की जांच अभी चल रही है।

शहर निवासी पूर्व उद्योग मंत्री शशिपाल मेहता ने ऑपरेशन कराया है। इन दिनों पर घर पर आराम कर रहे हैं। जिनका हालचाल जानने गृह मंत्री अनिल विज उनके आवास पर पहुंचे थे। इस दौरान गृह मंत्री से मुख्यमंत्री के उस बयान पर टिप्पणी लेने का प्रयास किया गया कि जिसमें उन्होंने कहा कि पुलिस सबकी सुरक्षा नहीं कर सकती है लेकिन इस पर बिना कुछ बोले वह आगे बढ़ गए। उन्होंने कहा कि वह पूर्व मंत्री का हालचाल जानने आए हैं। नूंह हिंसा के सवाल पर बोले कि सभी लोगों को शांति बनाए रखनी चाहिए। सोशल मीडिया पर कोई ऐसी पोस्ट नहीं डालनी चाहिए,

# ज्ञानवापी परिसर में जारी रहेगा एएसआई सर्वे

**प्रयागराज, एजेंसी।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण सर्वेक्षण रोकने संबंधी मुस्लिम पक्ष की याचिका को खारिज कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर ने गुरूवार को अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी की याचिका को खारिज करते हुए अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि सर्वे पर लगी रोक समाप्त की जाती है। कोर्ट ने एएसआई सर्वे



को लेकर एएसआई की तरफ से दिए हलफनामे को लेकर कहा कि उस हलफनामा पर अविश्वास करने का कोई आधार नहीं है।हलफनामा में एएसआई ने कहा था कि उनके सर्वे से ज्ञानवापी परिसर में किसी भी प्रकार का इंच भर भी नुकसान नहीं होगा। उच्च न्यायालय ने वाराणसी की निचली अदालत के सर्वे कराने के आदेश को भी सही माना है।

उच्च न्यायालय के आदेश के बाद एएसआई सर्वे का रास्ता साफ हो गया है। एएसआई ने अपने बयान में कहा था कि परिसर में खुदाई करने का उसका कोई इरादा नहीं है।

गौरतलब है कि पिछली 21 जुलाई को वाराणसी जिला जज ने ज्ञानवापी परिसर में एएसआई सर्वे को मंजूरी प्रदान की थी जिसके बाद मुस्लिम पक्ष ने जिला जज के फैसले को चुनौती देते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट से रोक लगाने की मांग करते हुए याचिका दाखिल की थी। दोनो पक्षों की दलील सुनने के बाद उच्च न्यायालय ने 27 जुलाई को अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था।मुस्लिम पक्ष ने सर्वे से ढांचे को नुकसान होने की बात कही थी।

IHMS KOTDWAR
17 Years of Excellence in Education
ESTD. 2006
ISO 9001-2015 Certified
Institute of Hospitality, Management & Sciences
Admissions Open 2023
"Journey Towards Excellence"
AVAILABLE PROGRAMMES
M.B.A. 2 Years
FIRST AICTE APPROVED COLLEGE IN REGION
B.H.M. 4 Years
B.Sc. IT 3 Years
B.B.A. 3 Years
B.C.A. 3 Years
C.H.M. 1 Year
• Attractive Scholarships
• Industrial Tour
• Value Added Courses @ 0% cost
• Internship in Leading Companies
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

# जिलाधिकारी ने संबधित एएलआरओ के वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश दिए



**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने गुरूवार को क्लेक्ट्रेट सभागार में राजस्व स्टाफ की मासिक समीक्षा बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि लंबित राजस्व वादों, मुख्य एवं विविध देयों की वसूली, आपराधिक मामलों, सेवानिवृत्त कर्मियों के पेंशन प्रकरणों एवं जन शिकायतों के निस्तारण में तेजी लाई जाए। तहसीलों में खाता खतौनी ऑपरेटरों के विगत कुछ महीनों से मानदेय का भुगतान न किए जाने पर जिलाधिकारी ने संबधित एएलआरओ के वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश दिए। साथ ही इस मामले में कारण बताओं नोटिस भी जारी किया।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी एसडीएम अपने स्तर पर स्टाफ बैठक करते हुए मुख्य एवं विविध देयकों, लंबित वादों और अन्य लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करें और 06 माह से अधिक लम्बित वादों का प्राथमिकता पर निस्तारित करें। विविध देयकों में बड़े बकायेदारों से प्राथमिकता पर वसूली की जाए। अमीनों का लक्ष्य निर्धारित किया जाए। आबकारी एवं खनन में राजस्व प्राप्ति के लिए निर्धारित लक्ष्य हासिल करना सुनिश्चित करें।

इस दौरान वाणिज्य कर, स्टांप तथा निबंधन, आबकारी, परिवहन कर, वन, खनन, भू-राजस्व, रेवेन्यू पुलिस, फौजदारी, शमन आदि मामलों की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से वितरित धनराशि के संबंध में शीघ्र उपयोगिता प्रमाण पत्र दें। इस संबंध में जो भी आवेदन आते है उनका खाता विवरण पहले से लिया जाए। पेंशन से संबधित लंबित प्रकरणों का तत्काल निस्तारण किया जाए। कार्मिकों के सेवानिवृत्त होने से 6 माह पहले ही उनके पेंशन संबधी अभिलेखों को तैयार किया जाए।

ताकि पेंशन संबधी कोई भी मामला लंबित न हो। सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने में तेजी लाए और अन्य विभागों से सहयोग मांगे जाने पर आवश्यक सहयोग प्रदान करें। बैठक में डीएफओ सर्वेश कुमार दुबे, डीएफओ इन्द्र सिंह नेगी, अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, एसडीएम संतोष पाण्डे, एसडीएम कुमकुम जोशी, एसडीएम रविन्द्र ज्वांठा सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

### ग्राम प्रहरी के 65 पद रिक्त

समीक्षा बैठक में बताया गया कि नियमित पुलिस के अन्तर्गत 694 तथा राजस्व पुलिस के अन्तर्गत 481 ग्राम है। जिसमें 65 ग्राम प्रहरी के पद रिक्त है। राजस्व क्षेत्रों में इस वर्ष जनवरी से जुलाई तक घटित 18 एवं पूर्व में लंबित 6 अपराधों सहित कुल 24 मामले दर्ज है। जिसमें से 17 नियमित पुलिस को हस्तांतरित, दो में अरोप पत्र तथा 04 प्रक्रिया चल रही है। नागरिक पुलिस क्षेत्रान्तर्गत हत्या, डकैती, बलात्कार आदि मामलों में 115 अपराध दर्ज हुए है। फौजदार के 120 मामलों में से 25 निस्तारित हो चुके है।

## क्विज में अनिल ने मारी बाजी

नई टिहरी : राजकीय महाविद्यालय नई टिहरी में कैरियर काउंसलिंग सेल की ओर से केंद्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर छात्रों के बीच क्विज प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में अनिल ने प्रथम, सूरज सिंह ने द्वितीय और साहिल पंवार ने तृतीय स्थान हासिल किया।गुरुवार को राजकीय महाविद्यालय नई टिहरी में केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर छात्रों के बीच आयोजित क्विज प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. पुष्पा नेगी ने किया। उन्होंने छात्रों से महाविद्यालय स्तर पर होने वाली विभिन्न प्रतियोगिता में बढ़चढ़ कर प्रतिभाग करने को कहा। उन्होंने गोष्ठी के माध्यम से सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में छात्रों को विस्तृत जानकारी दी। प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# विहिप ने किया नगर पालिका पर प्रदर्शन

विकासनगर। फुटपाथ से अतिक्रमण, ठेली, फड़ और ई–रिक्शा को हटाने के लिए गुरुवार को विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका परिषद विकासनगर कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा। कार्यकर्ताओं का कहना है कि विकासनगर बाजार में हाईवे फुटपाथ पर रेहड़ी, ठेली, फड़ व्यापारी अनावश्यक रूप से अतिक्रमण कर बाजार में यातयात अवरूद्ध कर रहे हैं। जिसके चलते आये दिन बाजार में जाम की समस्या बनी रहती है।विहिप और बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में कहा कि विकासनगर बाजार पछुवादून से लेकर जौनसार बावर, यमुना घाटी व हिमाचल के सिरमौर जिले के लोगों का मुख्य बाजार है, जिसके चलते लोग बड़े पैमाने पर आते जाते हैं। बताया कि ठेली, फड़ व रेडी व्यापारियों ने हाईवे की मुख्य सड़क से लेकर फुटपाथ पर अवैध अतिक्रमण कर दुकानें सजाये रहते हैं, जिसके चलते न तो बाजार में पैदल चलने के लिए जगह बचती है और नहीं वाहनों की निर्बाध रूप से आवाजाही हो पाती है।

कहा कि अतिग्रमण के कारण बाजार में आये दिन हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। कहा कि प्रशासन की ओर से विकासनगर मुख्य बाजार में ई–रिक्शा प्रतिबंधित किया गया है। इसके बावजूद बडे पैमाने पर ई–रिक्शा चलाये जा रहे हैं। जिससे यातायात की अव्यवस्था बाजार में बनी रहती है। कार्यकर्ताओं ने ठेली, रेडी, फड को बाजार से अन्यत्र शिफ्ट करने, ई–रिक्शा पर बाजार में पूरी तरह से प्रतिबंधित करने, एक बार हटायी गयी ठेली फड़ को दुबारा बाजार में अनुमति न देने, ठेली, रेडी, फड़ का अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराने, लावारिस पशुओं के लिए काजी हाउस बनाकर व्यवस्था करने की मांग की है।

# मसूरी में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन



देहरादून। बढ़ते महिला अपराधों के खिलाफ मसूरी में कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। गुरुवार को शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित गुप्ता के नेतृत्व में शहीद स्थल झूलाघर पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और पुतला फूंका। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि कानून व्यवस्था के मुद्दे पर आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। मणिपुर से लेकर हरिद्वार और देहरादून तक महिलाओं के साथ अपराध और अत्याचार की हर दिन घटनाएं सामने आ रही हैं। इसमें भाजपा के नेता भी शामिल हैं और उन्हें बचाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पांच अगस्त को प्रदेश कांग्रेस की ओर से गांधी पार्क में धरने का आयोजन किया जा रहा है, इसमें बड़ी संख्या में मसूरी से कांग्रेसी शामिल होंगे। इस मौके पर मेघ सिंह कंडारी, वसीम खान, महेश चंद्रा, महिमानंद, रमेश राव समेत अन्य मौजूद रहे।

## डीएम से की दुकानों के खस्ताहाल होने की शिकायत

नई टिहरी : भाजपा युवा मोर्चा ने नई टिहरी के बौराड़ी स्थित गणेश चौक के नीचे बनी दुकानों के खस्ताहाल होने की डीएम से शिकायत की। उन्होंने डीएम से दुकानदारों को सुरक्षित स्थानों पर दुकानें दिये जाने की मांग की है। भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री विनीत उनियाल के नेतृत्व में बौराड़ी स्थित गणेश चौके के नीचे (अंडर ग्रांउड) बनी दुकानों के खस्ताहाल होने के संबंध में एक शिष्टमंडल डीएम से मिला। युवा मोर्चा जिला महामंत्री ने कहा कि टिहरी बांध विस्थापन के दौरान पुर्नवास विभाग द्वारा कई दुकानदारों को गणेश चौक के नीचे दुकानें आंवटित की गई। दुकानों के ऊपर से सड़क गुजरने से कई दुकानों में दरारें आ गई है, सड़क से पानी का रिसाव होने से दुकानें खस्ताहाल हो चुकी है, जिससे दुकानदारों को जानमाल का नुकसान का डर सताने में लगा है। उन्होंने डीएम से दुकानदारों के हित में उचित समाधान की मांग की है।

## डीएम अध्यक्षता में हुआ विकासनगर विशेष कैम्प दाखिला ख़ारिज कार्यक्रम



विकासनगर। जिलाधिकारी सोनिका की अभिनव पहल से तहसील लम्बे समय लंबित मामलों को विशेष कैम्प दाखिला खारिज लगाकर निस्तारित किये जा रहे है। जिलाधिकारी की इस अभिनव पहल से क्षेत्र के जनमानस एवं फरियादी में प्रसन्नता की लहर है। जनमानस द्वारा जिलाधिकारी की इस पहल को सराया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा समय–2 पर तहसील एवं कलेक्ट्रट परिसर स्थित कार्यालयों एवं पटलों का निरीक्षण करते हुए स्पष्ट निर्देश जारी किये गए हैं, पटल पर कोई भी पत्रावली लम्बित न रहे यदि पत्रावली किसी पटल पर लम्बित है तो उसका स्पष्ट कारण अंकित रहे।

इसी क्रम में आज अपने तय कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी सोनिका तहसील विकासनगर पहुँची जहाँ आयोजित विशेष कैम्प दाखिला ख़ारिज कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए, 1227 राजस्व वाद का मौके पर निस्तारण किया। जिसमें अविवादित दाखिल खारिज के 1155 वाद, विवादित दाखिल खारिज के 3 वाद, विरासतन के 55 वाद तथा धारा 33 / 39 के अन्तर्गत 4 वादों का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी बताया कि विशेष दाखिला खारिज कैम्प आयोजित करने का उद्देश्य यही है कि एक दिवस में सम्बन्धित अधिकारी कार्मिक उपस्थित रहकर विभिन्न वादों का निस्तारण करते हुए जनमानस को राहत दी जाए।

## एक नजर

### भाजपा महानगर में आईटी सह संयोजक घोषित

देहरादून। भाजपा महानगर प्रभारी कुलदीप कुमार व महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल की सहमति के बाद भाजपा मंडल आईटी विभाग में सह संयोजकों की घोषणा की गई है। महानगर संयोजक आईटी विभाग विपिन खंडूड़ी ने बताया कि डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर में रोहित कुमार, केदारनगर में तेजेन्द्र बिष्ट, पंडित दीन दयाल नगर में गौरव बुड़ाकोटी, धर्मपुर नगर सन्नी अग्रवाल, तपोवन नगर रंजीता रावत, वीर चंद्र सिंह गढ़वाली नगर मनोज बेलवाल, रायपुर नगर अनमोल रस्तोगी, करनपुर नगर योगेश अरोड़ा, अम्बेडकर नगर मनीष सक्सेना, प्रेमनगर कांवली धीरज शास्त्री, जीएमएस नगर अक्षय गुप्ता, मसूरी दिपांशु मनोड़ा, शहीद दुर्गामल्ल नगर संध्या क्षेत्री, श्रीदेव सुमन नगर दीपक बहुखंडी को मनोनीत किया गया है।

### डाक विभाग की ढाई आखर प्रतियोगिता शुरू

देहरादून। डाक विभाग की ओर से ह्यनए भारत के लिए डिजिटल भारत विषय पर ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता शुरू हो गई है। प्रवर अधीक्षक डाकघर जगत सिंह बिष्ट ने बताया कि प्रतियोगिता में दो वर्गों में होगी। इसमें पहला वर्ग 18 वर्ष और दसूरा से 18 वर्ष से अधिक है। पत्र हिंदी, अंग्रेजी या स्थानीय भाषा में लिखकर मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल उत्तराखंड परिमंडल देहरादून के पते पर भेजना होगा। आवेदक 31 अगस्त तक पत्र भेज सकते हैं। इसमें परिमंडल स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाले प्रतिभागी को 25 हजार, द्वितीय को 10 और तृतीय को पांच हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

### आरोपी चौधरी भाजपा में नहीं: जिलाध्यक्ष

हरिद्वार। पथरी थाना क्षेत्र के गांव में महिला के साथ अश्लील वीडियो वायरल होने के बाद आरोपी अक्षय चौधरी को लेकर भाजपा ने अपनी सफाई दी है। भाजपा का दावा है कि अक्षय चौधरी अब भाजपा में नहीं है। जिलाध्यक्ष संदीप गोयल ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि पथरी घटना में शामिल अक्षय चौधरी को भाजपा नेता बताया जा रहा है,

# वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने मुलाकात की। प्रो. ओंकार सिंह को कुलपति के रूप में एक वर्ष का समय पूर्ण हो चुका है। उन्होंने राज्यपाल को विश्वविद्यालय की विगत एक वर्ष की महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं गतिविधियों पर आधारित प्रस्तुतीकरण दिया। कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने राज्यपाल को बताया कि विश्वविद्यालय में संपूर्ण प्रक्रिया डिजिटाइजेशन करने की दिशा में किए गए प्रयासों के अंतर्गत परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता व समयबद्धता लाने में महत्वपूर्ण प्रयास किया गया। परीक्षाओं के प्रश्नपत्र को लीकेज की संभावनाओं से मुक्त रखने के दृष्टिगत डिजिटल माध्यम से पासवर्ड सुरक्षा के साथ परीक्षा केंद्रों को प्रत्येक परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व प्रश्नपत्रों का परीक्षण प्रारंभ किया गया है। इस क्रम में छात्रों की परीक्षा मूल्यांकन प्रणाली में विश्वास पैदा करने के दृष्टिगत मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं को परीक्षाफल निर्माण से पूर्व डिजिटली अवलोकित कराये जाने की व्यवस्था प्रारंभ कर विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा प्रणाली में गुणवत्ता स्थापित करने का सफल प्रयास किया गया है।



उन्होंने बताया कि सभी संस्थानों में छात्रों की समुचित उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु शैक्षिक कार्यक्रमों को गुणवत्तापरक बनाये जाने के साथ–साथ अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम को लागू किया गया है। इसके माध्यम से छात्रों की कक्षाओं में दैनिक उपस्थिति को वेब पोर्टल के माध्यम से निगरानी की जा रही है जिसे छात्र स्वयं, उनके अभिभावक, संस्था के प्रमुख एवं विश्वविद्यालय उपस्थिति को आवश्यकतानुसार अवलोकित कर सुधारात्मक कार्यवाही कर सकते हैं। कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में बीटेक प्रारंभ कर इस क्षेत्र में ह्यसेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन साइबर सिक्योरिटीह्ण की स्थापना की शुरुआत की है। विश्वविद्यालय के द्वारा आईएमए के साथ मिलकर पीजी डिप्लोमा इन मिलेट्री स्टडीज एंड डिफेंस मैनेजमेंट को संचालित कर सैन्य शिक्षा के क्षेत्र में मजबूत पहल की है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा सभी संस्थानों में दो सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल का चयन कर उन पर छात्रों व शिक्षकों को प्रभावी रूप से प्रोजेक्ट, वर्कशॉप, सेमिनार के माध्यम से कार्य कराकर वैश्विक स्तर पर इन लक्ष्यों की प्राप्ति में एक महती योगदान देने का प्रयास किया गया है।

कुलपति द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2022–23 से ही अपने सभी पाठ्यक्रमों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुसार परिमार्जित कर सामयिक आवश्यकताओं के अनुरूप, क्रेडिट आधारित नया ऑर्डिनेंस व पाठ्यक्रम लागू किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा उत्तरकाशी में तकनीकी संस्थान वर्तमान सत्र से ही प्रारंभ कर उस क्षेत्र के छात्र–छात्राओं के लिए कम्प्यूटर साइंस एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व मशीन लर्निंग में बीटेक करने के अवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

राज्यपाल ने उपलब्धियों हेतु कुलपति एवं विश्वविद्यालय टीम की प्रशंसा करते हुए अन्य विश्वविद्यालयों को भी इन बैस्ट प्रैक्टिसिस को अपनाने को कहा है। उन्होंने कुलपति प्रो. ओंकार सिंह एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के नवाचारों और प्रयासों की सराहना की।

# जीआरपी ने किया यात्रियों को जागरूक



रुड़की। जीआरपी ने रेल सुरक्षा माह के तहत लक्सर रेलवे स्टेशन पर लोगों को सतर्क किया। इस दौरान महिलाओं को गौरा शक्ति ऐप की जानकारी दी गई।

जीआरपी की ओर से रेलवे सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। लक्सर जीआरपी थानाध्यक्ष ममता गोला के साथ पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर यात्रियों को सुरक्षा को लेकर जानकारी दी। नके साथ सरयू सैनी, कांस्टेबल जयपाल सैनी, राजेंद्र नाथ मेहंदीरत्ता, अनुज कुमार, रविंद्र कुमार, विमल कुमार, कृष्णपाल, संतोष कुमार, रजनीश कुमार, गोपाल, रमेश, सुखबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## राजीव गांधी नवोदय विद्यालय को मिली आधुनिक कंप्यूटर लैब

देहरादून। शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने गुरुवार को राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में स्थापित आधुनिक कम्प्यूटर लैब का उद्घाटन किया। ये लैब आईसीआईसीआई फाउण्डेशन फॉर इन्क्लूसिव ग्रोथ की ओर से बनाई गई है। उद्घाटन के दौरान शिक्षा मंत्री ने कहा कि आज हर क्षेत्र में कंप्यूटर और डिजिटलाइनजेशन जमाना है। ऐसे में बच्चों को शुरुआत से ही कंप्यूटर एजुकेशन की जरूरत है। ऐसे में ये लैब बच्चों की पढ़ाई में सुधार के लिए काफी मददगार होगी। कंप्यूटर ज्ञान के बिना आजकल हर पढ़ाई अधूरी है। उन्होंने विद्यालय की प्राचार्य डा. सुनीता भट्ट ने इस दौरान विद्यालय की वार्षिक आख्या प्रस्तुत की। इसके बाद आईसीआईसीआई फाउंडेशन के प्रोजेक्ट हेड सुधीर जैन चौधरी ने शिक्षा मंत्री का आभार जताया। इस दौरान निदेशक शिक्षा वंदना गर्ब्याल,सीईओ प्रदीप कुमार रावत,उप प्राचार्य गिरीश चंद्र थपलियाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# लोकसभा और निकाय चुनाव में भाजपा करेगी बेहतर प्रदर्शन



हरिद्वार। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. विशाल गर्ग ने भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री बनाए जाने पर दुष्यंत कुमार गौतम के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंचकर गंगाजली एवं रूद्राक्ष की माला भेंटकर उनका स्वागत किया। भेंटवार्ता के दौरान उत्तराखंड की राजनीति पर भी विशेष चर्चा की गई। डॉ. विशाल गर्ग ने कहा कि दुष्यंत कुमार गौतम के राष्ट्रीय महामंत्री बनने से लोकसभा चुनाव एवं नगर निकाय चुनाव में पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी। दुष्यंत कुमार गौतम का अनुभव अवश्य ही पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए बेहतर साबित होगा। राज्य के विकास में दुष्यंत कुमार गौतम पूर्व से ही विशेष भूमिका निभाते चले आ रहे हैं।

गर्ग ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री प्रदेश में आपदा प्रभावित पीड़ितों को मदद पहुंचाने की भरपूर कोशिशें कर रहे हैं। जनपद हरिद्वार को आपदा क्षेत्र घोषित करने की स्वीकृति भी मुख्यमंत्री द्वारा दी जा चुकी है। बाढ़ पीड़ितों के लिए तीन माह के विद्युत बिल, जल एवं बैंकों के ऋण की अदायगी पर रोक लगाई गई है।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान के जनपद में सफलता पूर्वक आयोजन को लेकर डीएम अध्यक्षता में हुई बैठक

देहरादून। ऋषिपर्णा सभागार में आज जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में मेरी माटी मेरा देश अभियान को जनपद में सफलता पूर्वक आयोजन को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में उन्होने 9 अगस्त से 20 अगस्त 2023 ग्राम पंचायत स्तर से लेकर महा नगर निगम तक के आयोजित होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम को सफलता पूर्वक आयोजित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कहा कि आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में किसी प्रकार की दुविधा न हो इसके लिए संबंधित अधिकारी आपस में बेहतर समन्वय बना कर कार्य करेंगे, तथा भारत सरकार एवं शासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का अक्षरश अनुपालन करेंगे।

कहा कि आयोजित प्रत्येक कार्यक्रमों में शिलाफलकम की स्थापना, पंचप्रण शपथ एवं सैल्फी, वसुधा वन्दन, वीरो का वन्दन, तथा झण्डा रोहण एवं राष्ट्रगान का आयोजन किया जायेगा। 13 से 15 अगस्त 2023 को हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत प्रत्येक नागरिक अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज लगाएंगे।




जिस हेतु उन्होंने जनपद के समस्त नागरिकों से अपने–अपने घरो में राष्ट्रीय ध्वज लगाने की अपील की। कहा कि 27 अगस्त से 30 अगस्त 2023 तक प्रत्येक ग्राम पंचायत से विकास खण्ड तथा विकास खण्ड से दिल्ली कर्तव्य् पथ तक मिट्टी यात्रा निकाली जायेगी। जिसमें राज्यों से लायी गई मिट्टी से विशेष वाटिका जिसे अमृत वाटिका कहा जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रेन्जेंटेशन के माध्यम से मेरी माटी मेरा देश अभियान, कार्यक्रम आयोजन की विस्तृत जानकारी दी।

जिलाधिकारी ने प्रत्येक ग्राम पंचायत, छोटे बडे शहरी निकाय में वीरों एवं बहादुरों का चिह्नंकन करने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया।

कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर के किनारे, जल निकाय, नदी, जल स्त्रोत पर, पंचायत कार्यालय, स्कूल या अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल पर शिलाफलकम की स्थापना करते हुए पंचप्रण शपथ एवं सेल्फी का आयोजन किया जाए, जिसमें प्रत्येक ग्राम पंचायत में उपस्थित जनमानस मिट्टी अथवा मिट्टी का दीया लेकर पंचप्रण शपथ लेगें। उन्होंने वसुधा वन्दन कार्यक्रम के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में अमृत वाटिका बनाने हेतु वन विभाग एवं उद्यान विभाग के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# मलबे से उठ रही दुर्गंध, संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** कौड़िया बस्ती में पनियाली गदेरे से मची तबाही को एक सप्ताह हो गया है। लेकिन, अब भी लोगों के घरों व रास्तों में बहकर आए मलबे के ढेर लगे हुए हैं। मलबे से उठ रही दुर्गंध के कारण बस्तीवासियों को संक्रामक बीमारियों का खतरा सता रहा है।

**◆कौड़िया बस्ती के अधिकांश घरों के बाहर अब भी भरा है मलबा ◆दुर्गंध के कारण बस्ती वासियों को सता रहा संक्रामक बीमारियों का खतरा**

एक सप्ताह पूर्व रात में हुई बारिश के दौरान पनियाल गदेरा उफान पर बना हुआ था। गदेरे का पानी व मलबा कौड़िया क्षेत्र की बस्ती में घुस गया था। जिससे बस्ती के अधिकांश घरों में घुटने-घुटने तक मलबा भर गया। कई दिन लगातार जुटने के बाद बस्तीवासियों ने कमरों में भरे मलबे को साफ किया। लेकिन, अब भी कई घरों के आंगन व रास्तों में मलबा भरा हुआ है। ऐसे में बस्तीवासियों को संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। बस्तीवासी पुष्पा देवी, अर्चना देवी ने बताया कि दुर्गंध के कारण कमरों में रहना भी मुश्किल होता जा रहा है। वहीं, घर के आंगन व रास्तों में अब भी मलबे के ढेर लगे हुए हैं। मच्छरों ने भी पूरी रात बस्ती वासियों को सोने नहीं दिया। बस्ती में फैली अव्यवस्थाओं के कारण कई परिवारों ने अपने रिश्तेदार व परिचितों के घर शरण ले ली है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने भी घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए उन्हें दवाएं वितरित की।



कौड़िया बस्ती के समीप बहने वाला पनियाली गदेरा, जिसने बस्ती में तबाही मचाई थी।

## 55 लाख की लागत से बनी दीवार का लोकार्पण

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** ग्रास्टनगंज स्थित राजकीय उद्यान खाम गार्डन में 55 लाख की लागत से निर्मित चार दीवार का लोकार्पण हो गया है। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने गार्डन में पौध रोपण करते हुए शतपायु वृक्षों का अवलोकन किया। उन्होंने आमजन की समस्याओं को सुनते हुए उनके निराकरण का भी आश्वासन दिया।

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने चार दीवारी का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि आमजन को राजकीय उद्यान गार्डन की योजनाओं से जुड़ना चाहिए। इससे लोगों को खेत व पौधों के बारे में बेहतर जानकारी मिलेगी। साथ ही वह स्वयं को आत्मनिर्भर भी बना पाएंगे। कहा की उन्होंने उद्यान विभाग के अधिकारियों को भी जनता के बीच जानकार उन्हें जागरूक करने के निर्देश दिए। कहा कि इससे जनता को जैविक खेती, जैविक खाद के बारे में जानकारी मिल पाएगी। इसके लिए प्रत्येक वार्ड में कार्यशालाओं का होना अति आवश्यक है। उन्होंने लोगों को जैविक खेती के गुण बताते हुए कहा कि इससे उत्पादित खाद्य और फल निर्जीव खेती के मुकाबले ज्यादा स्वादिष्ट और पोषणयुक्त होते हैं। यह स्वस्थ खाने के प्रोत्साहन के लिए अधिक विकल्प प्रदान करता है। जैविक खेती वातावरण को संरक्षित रखने में मदद करती है। कीटनाशकों का उपयोग कम करने से प्राकृतिक प्रजातियों को संरक्षित किया जा सकता है और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को भी कम किया जा सकता है। इस मौके पर उद्यान विशेषज्ञ प्रभाकर सिंह, एसडीएम मनजीत सिंह, संजीव कुमार, दिनेश कुमार, अभिनव दीक्षित, पंकज भाटिया, दीपक पोखरियाल, सुरेंद्र आर्य, सौरभ नौडियाल, कमल नेगी आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने राज्य सरकार का फूंका पुतला

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** बढ़ते महिला अपराध के विरोध में कांग्रेस ने प्रदर्शन करते हुए राज्य सरकार का पुतला फूंका। इस दौरान आक्रोशित कांग्रेसियों ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में महिलाओं पर अत्याचार बढ़े है। सरकार आपराधिक मामलों पर रोक लगाने में नाकाम रही है।

गुरुवार को कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनोद नेगी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदेश सरकार के कार्यकाल में महिलाओं के साथ दुराचार व अत्याचारों में बढ़ोत्तरी का आरोप लगाया। कहा कि हरिद्वार में भाजपा नेता द्वारा एक महिला के साथ दुराचार किया गया है और देहरादून राजधानी में सरकार की नाक के नीचे महिला की हत्या कर उसे कूड़े में फेंका गया। जिसके विरोध में प्रदेश सरकार का पुतला दहन कर विरोध जताया गया। इस दौरान कांग्रेसियों ने धामी सरकार शर्म करो महिला पे अत्याचार करना बंद करो, भाजपा सरकार मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। इस मौके पर नगर अध्यक्ष भरत रावत, जिला अध्यक्ष एससी विभाग श्रीकांत, युद्धवीर रावत, अनिल कुमार, हेमंत मोहन बिष्ट, मनमोहन सिंह, अनिता रावत, यशोदा नेगी, विजयलक्ष्मी, आस्कर रावत, गोपाल नेगी, अंकित नौटियाल, अमन कुमार, दिवाकर, सुधाकर, हिमांशु आदि शामिल रहे।

## आपदा प्रभावितों को उचित मुआवजा दें प्रदेश सरकार

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कोटद्वार के आपदा प्रभावितों को मुआवजा देने की मांग की है। इस संबध में कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया है।

इस दौरान यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय रावत ने कहा कि प्रदेश में पिछले दिनों हुई लगातार बारिश के कारण पहाड़ सहित मैदानी क्षेत्रों के लोगों का जनजीवन प्रभावित हुआ है। बारिश के कारण उफनाए नदी नालों ने आम जन को बुरी तरह प्रभावित किया। कोटद्वार में भारी बारिश के कारण उफनाए पनियाली नाले का पानी कौड़िया सहित अन्य मोहल्ले के घरों में घुस गया। इस कारण लोगों का सब सामान खराब हो गया और वे अपने रिश्तेदारों के यहां शरण लेने पर मजबूर हैं। साथ ही उनके समक्ष आर्थिक संकट भी गहरा रहा है। इसलिए प्रभावितों को मुआवजा दिया जाना चाहिए। ज्ञापन में राज्यपाल से इस संबध में प्रदेश सरकार को निर्देशित करने की अपील की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय मित्तल, धीरेंद्र सिंह बिष्ट, बृजपाल सिंह, सुदर्शन सिंह, बाबी बिष्ट, अभिषेक अग्रवाल, अंकुश घिल्डियाल और तनिष्क डबराल आदि शामिल थे।



कोटद्वार में प्रशासन के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजते कांग्रेसी

## काश्तकारों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** नगर निगम के अंतर्गत वार्ड नंबर 37 पश्चिमी झंडीचौड़ के पंचायत घर में कृषि गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में दुगड्डा ब्लाक प्रभारी ओम नाथ ने कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसानों को अवगत कराया कि 80 प्रतिशत छूट पर कृषि यंत्र न्याय पंचायत लक्ष्मपुर के न्याय पंचायत केंद्र में उपलब्ध हैं। खरीदने के इच्छुक किसान न्याय पंचायत केंद्र से कृषि यंत्रों को खरीद सकते हैं। पार्षद सुखपाल शाह ने कहा कि पूरे क्षेत्र में सिंचाई गूलें क्षतिग्रस्त हैं जिससे किसानों को खेती में नुकसान उठाना पड़ रहा है। मौके पर संबंधित विभागों से किसानों की परेशानी को देखते हुए गूलो का शीघ्र निर्माण करने की अपील की गई। इस अवसर पर किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष पंडित चंद्रमोहन, न्याय पंचायत प्रभारी विशाल सैनी, बीटीएम शशि मोहन बिंजोला, तेज प्रकाश, जयंती देवी, विजय कुमार, जगजीत सिंह और रामचंद्र सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## पिकअप वाहन खाई में गिरने से चालक की मौत, एक गंभीर

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** खिर्सू-खेड़ाखाल-पौड़ी मोटर मार्ग पर गोडख्या के पास एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। दुर्घटना में वाहन चालक की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। वाहन में दो ही लोग सवार थे। वह पैठाणी से कांक्रीट मिक्सचर मशीन लेकर खिर्सू की ओर आ रहे थे। मृतक श्रीनगर का रहने वाला बताया जा रहा है। जबकि घायल बिहारी ठेकेदार है। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

पाबौ चौकी क्षेत्र के खिर्सू-खेड़ाखाल-पौड़ी मोटर मार्ग पर गोडख्या के पास एक पिकअप वाहन अनियंत्रित हो कर करीब 50 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। जिस पर चौकी प्रभारी दीपक पंवार अपनी टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। दीपक पंवार ने बताया कि वाहन में दो लोग भवन निर्माण हेतु कंक्रीट मिक्सचर मशीन लेकर पैठाणी से खिर्सू जा रहे थे। अचानक गोडख्या खाल के समीप वाहन अनियंत्रित होकर करीब 50 मीटर सड़क से नीचे खाई में गिर गया। हादसे में वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने वाहन को काटकर घायलों का रेस्क्यू कर बाहर निकाला। बताया कि हादसे में वाहन चालक श्रीनगर निवासी देवेंद्र सिंह (28) पुत्र छोंदाड़ सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बिहारी ठेकेदार सरबर पुत्र जाकिर आलम गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने 108 एम्बुलेंस के मदद से उसे जिला अस्पताल पौड़ी पहुंचाया। जहां उसका उपचार किया जा रहा है।

## बंदरों से परेशान बुजुर्ग किसान ने शुरू किया अनिश्चिकालीन धरना

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** जिले में जंगली जानवरों के आंतक से लोग परेशान है। एक ओर जहां जंगली जानवर आये दिन लोगों पर जानलेवा हमला कर रहे है, वहीं फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहे है। जिससे किसानों में रोष व्याप्त है। बंदरों के आतंक से निजात दिलाए जाने की मांग को लेकर बुर्जुग किसान ने जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर अनिश्चिकालीन धरना शुरू कर दिया है। कहा कि वे पिछले लंबे समय से बंदरों के आतंक से निजात दिलाए जाने की मांग कर रहे है, लेकिन शासन व प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

कल्जीखाल ब्लाक के मोतीबाग सांगुडा निवासी बुजुर्ग किसान डा. विद्यादत्त शर्मा ने गुरुवार से डीएम कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। इस दौरान बुजुर्ग किसान डा. विद्यादत्त शर्मा ने कहा कि बंदरों के आतंक से किसान परेशान है।

किसान बंदरों के आतंक से इतने भयभीत हो गए है कि खेती छोड़ने को मजबूर हैं। कहा कि बंदरों के आतंक से लगातार गांवों में पलायन हो रहा है। कई बार शासन से लेकर प्रशासन तक बंदरों के आतंक से निजात दिलाए जाने की गुहार लगाई गई, लेकिन इस ओर कोई कदम नहीं उठाए जा रहे है। कहा कि बंदरों के आतंक से भयभीत किसान अब खेती किसानी छोड़कर पलायन हो मजबूर हो रहे है। जिससे बड़ी संख्या में खेत बंजर होते जा रहे है। समस्या का हल नहीं होने पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया गया है।

## जिम व छात्रावास की समस्याओं जल्द निस्तारण की मांग

**श्रीनगर गढ़वाल :** एनएसयूआई छात्र संगठन ने गढ़वाल विवि के चौरास स्थित जिमनेजियम भवन की मरम्मत करवाए जाने के साथ ही चौरास परिसर में श्रीदेव सुमन छात्रावास के कमरों में पानी के रिसाव व अन्य समस्याओं का समाधान करने की मांग की है। इस संदर्भ में छात्र नेता सूरज नेगी, मोहित राणा, मंयक बहुगुणा, दीपक रावत, करनवीर और विरेन नेगी ने गढ़वाल विवि के डीएसडब्ल्यू प्रो. एमएस नेगी व मुख्य छात्रावास अधीक्ष प्रो. दीपक कुमार से मिलकर ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि चौरास स्थित जिमनेजियम भवन जर्जर स्थिति में पड़ा हुआ है। साथ ही जिम के भीतर पड़ी मशीने भी पूरी तरह से खराब पड़ी हुई है। उन्होंने जिमनेजियम भवन की मरमम्मत करवाए जाने, जिम की मशीनों की मरम्मत कराने, टेबिल टेनिस के कोर्ट को ठीक कराने, शौचालय की मरम्मत करवाने के साथ ही साफ-सफाई, नए खेल उपकरणों की उपलब्धता, चौरास खेल मैदान में बनी क्रिकेट पिचों की मरम्मत, बॉलीबाल कोर्ट में पत्थरों की सफाई, चौरास खेल मैदान में वाटर कूलर की समस्या का जल्द से जल्द निस्तारण किए जाने की मांग की। (एजेंसी)

## गेनोडर्मा मशरूम उत्पादन की दी जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** नगर निगम के ध्रुवपुर में स्थापित मशरूम उत्पादन यूनिट में महिलाओं को गेनोडर्मा मशरूम का उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान महिलाओं को स्वरोजगार से जुड़कर अपनी आर्थिकी को मजबूत बनाने की भी सीख दी गई।

ध्रुवपुर में आयोजित मशरूम उत्पादन यूनिट में दिव्या रावत ने महिलाओं को मशरूम उत्पादन की जानकारी दी। कहा कि उन्होंने थाइलैंड व मलेशिया में गेनोडर्मा मशरूम का प्रशिक्षण लिया था। महिलाएं इस मशरूम का उत्पादन कर अपनी आर्थिकी को मजबूत कर सकती हैं। इससे कई दवाओं के साथ ही त्वचा संबंधित कई क्रीम भी बनाई जाती है। इससे टूथपेस्ट भी तैयार किया जाता है। वर्तमान में गेनोडर्मा मशरूम की डिमांड लगातार बढ़ती जा रही है। कहा कि 17 अगस्त को केंद्रीय सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे इस परियोजना का निरीक्षण भी करेंगे।



महिलाओं को मशरूप उत्पादन का प्रशिक्षण देती दिव्या रावत

## महिलाओं को बताएं स्तनपान के फायदें

**श्रीनगर गढ़वाल :** राजकीय मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग के तत्वावधान में चल रहे विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत गुरुवार को स्तनपान को लेकर जागरूकता गोष्ठी आयोजित हुई। जिसमें अस्पताल में प्रसव के बाद भर्ती महिलाओं को स्तनपान से बच्चे और माँ को होने वाले फायदे बताए गए। जबकि अस्पताल के काउंसलरों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चे के विकास में स्तनपान की महत्ता पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सीएमएस श्री रावत ने कहा कि स्तनपान भी नवजात के लिए अन्न जैसा आहार है। कहा स्तनपान माँ को कैंसर जैसी गंभीर समस्या से बचाने में मददगार है। बाल रोग विभाग के एचओडी डॉ. व्यास राठौर ने कहा कि माँ के दूध से बच्चे को जरुरी पोषक तत्व मिलते हैं और उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। संचालन करते हुए बाल रोग विभाग के एसो. प्रो. डॉ. तृप्ति श्रीवास्वत ने स्तनपान पर माताओं को फायदे बताए। इस अवसर पर बेस चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रविन्द्र सिंह बिष्ट, मनोरोग विभाग के एचओडी डॉ. मोहित सैनी, डॉ. मोनिका जसल, डॉ. अशोक, गायनी विभाग के एसआर डॉ. नेहा, सुनील रावत आदि मौजूद रहे।

# पौड़ी पुलिस ने जीते दो गोल्ड सहित चार पदक

जयन्त प्रतिनिधि

**पौड़ी :** 22वीं प्रादेशिक अंतर जनपदीय/वाहिनी कुश्ती क्लस्टर प्रतियोगिता-2023 में पौड़ी पुलिस ने शानदार प्रदर्शन किया। पौड़ी पुलिस ने दो गोल्ड, एक-एक सिल्वर और कास्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

28 से 30 जुलाई 2023 तक रिजर्व पुलिस लाइन ऊधमसिंह नगर में आयोजित 22वीं प्रादेशिक अंतर जनपदीय/वाहिनी कुश्ती क्लस्टर (कुश्ती, कबड्डी, बॉक्सिंग, वेटलिफ्टिंग, बॉडी बिल्डिंग, आर्म कुश्ती व पावर लिफ्टिंग) प्रतियोगिता-2023 का आयोजन किया गया। एसएसपी श्वेता चौबे के निर्देश पर उक्त प्रतियोगिता में जनपद पुलिस के कुशल खिलाड़ियों को प्रतिभाग करने हेतु रिजर्व पुलिस लाइन, ऊधमसिंह नगर भेजा गया। जिसमें पौड़ी पुलिस के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ठ प्रर्दशन करते हुये दो गोल्ड, एक सिल्वर एवं एक कांस्य पदक जीता। गुरूवार को एसएसपी ने टीम के सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए बधाई दी। मुख्य आरक्षी लवीश ने आर्म रेसलिंग में स्वर्ण पदक, बॉक्सिंग में रजत पदक, आरक्षी नवनीत ने कुश्ती में स्वर्ण पदक, आरक्षी सुरेन्द्र ने बॉक्सिंग में कास्य पदक जीता। पुलिस टीम में निरीक्षक ऋषिराम रतूड़ी टीम प्रभारी, मुख्य आरक्षर आर. लोकेन्द्र सिंह टीम कोच आदि शामिल थे।




एसएसपी श्वेता चौबे विजेता खिलाड़ियों को शुभकानाएं देते हुई।

## पीड़ित परिवार ने विस्थापन की मांग उठाई

**नई टिहरी :** भिलंगना ब्लॉक में बीते दिनों हुई मूसलाधार बारिश से जमोनला गांव में एक ग्रामीण के घर का आंगन क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे पीड़ित परिवार ने अन्यत्र शरण ले रखी है। मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने क्षति का आंकलन कर पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।

घनसाली के जमोनला गांव में बीते सप्ताह हुई भारी बारिश से ग्रामीण विशेश्वर प्रसाद सेमवाल के घर का आंगन पूरी तरह ध्वस्त हो गया था।

घर के आगे भूस्खलन होने के कारण विशेश्वर प्रसाद का मकान खतरे की जद में आ गया। जिसके बाद पीड़ित परिवार ने जान बचाने को अन्यत्र शरण ली। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाते हुए कहा कि, लोक निर्माण विभाग की ओर से बनाई जा रही सड़क का अलाइनमेंट उनके घर से काफी नीचे था, लेकिन विभाग और ठेकेदार ने अलाइनमेंट बदल कर उनके घर समीप कर दिया।

## कोल्हू नदी में डूबने से व्यक्ति की मौत

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** प्रशासन की लाख चेतावनी के बाद भी आमजन उफान पर बनी नदियों के तट पर जाने से बाज नहीं आ रहा है। बुधवार रात अपने चार साथियों के साथ घूमने गया एक व्यक्ति कोल्हू नदी के तेज बहाव में बह गया। शुक्रवार दोपहर पुलिस ने व्यक्ति का शव घटनास्थल से कुछ किलोमीटर आगे नदी से बरामद किया। जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर दो नाथूपुर निवासी अशोक भंडारी 45 वर्ष पुत्र स्व. सुल्तान सिंह अपने साथियों के साथ कोल्हू नदी की ओर घूमने के लिए गया हुआ था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसला और वह नदी के तेज बहाव में बह गया। अशोक के साथियों ने उसके घर पहुंचकर घटना की जानकारी स्वजनों को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची एसडीआरएफ व पुलिस टीम अशोक की तलाश में देर रात तक अभियान चलाते रहे। लेकिन, उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था। रात होने के कारण रेस्क्यू अभियान चलाने में भी काफी परेशानी हो रही थी। जिसके बाद गुरुवार सुबह टीम ने दोबारा मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान चलाया। घंटो अभियान चलाने के बाद अशोक का शव नदी से बरामद हुआ।

## 21 से होगी एलएलबी की परीक्षाएं

**श्रीनगर गढ़वाल :** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि कि बीए एलएलबी एवं एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर की मुख्य एवं बैक परीक्षाएं आगामी 21 अगस्त से शुरू होंगी। इस संदर्भ में गढ़वाल विवि के परीक्षा नियंत्रक डा. एचएम आजाद ने नोटिफिकेशन जारी कर कहा कि बीएएलएलबी एवं एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 21 अगस्त से शुरू होकर 31 अगस्त तक चलेंगी। (एजेंसी)

# अफसर सभी योजनाओं की निविदा आमंत्रित करें : सीडीओ



बागेश्वर : मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह सभी योजाओं की निविदाएं आमंत्रित कर कार्य शुरू कर दें। ताकि निर्वाचन में कार्य बाधित न हो व कार्यों में अप्रेक्षित गति आ सके।

यह निर्देश उन्होंने जिला योजना, राज्य, केन्द्र पोषित व बाह्य सहायतित योजनाओं की समीक्षा बैठक में दिए।

विकास भवन सभागार में सीडीओने कहा कि बागेश्वर विधानसभा में उप निर्वाचन होना है, शीघ्र ही आर्दश आचार संहिता लग जाएगी, इसलिए अधिकारी विकास कार्यों को शीघ्र प्रारम्भ करें व कार्यों में गति लाकर धनराशि व्यय करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा जिन विभागों द्वारा बीस सूत्रीय कार्यक्रम में ए श्रेणी हासिल की है, वे श्रेणी बनाये रखे तथा जो विभाग बी व सी श्रेणी में है वे लक्ष्य पूर्ण कर ए श्रेणी में आना सुनिश्चित करें। उन्होंने टास्क फोर्स के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे क्षेत्रों में जाकर विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर सत्यापन रिपोर्ट देना सुनिश्चित करें, जो टास्क फोर्स अधिकारी विकास कार्यों का सत्यापन नहीं करेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## अवैध खनन में लगी जेसीबी मशीन को जब्त किया

पिथौरागढ़ : सीमांत में मानसून काल में रोक के बावजूद खनन माफिया पहाड़ों का सीना चीर रहे हैं। बिषाड़ में पुलिस ने अवैध खनन को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने अवैध खनन में लगी एक जेसीबी मशीन को जब्त किया है। प्रशासन अब संबंधित मशीन मालिक के खिलाफ जुर्माने की तैयारी कर रहा है।

बिषाड़ में अवैध खनन होने की पुलिस को सूचना मिली। कोतवाल चंचल शर्मा के नेतृत्व में बीते रोज एंचोली चौकी पुलिस चेकिंग को क्षेत्र में पहुंची। इस दौरान टीम को जेसीबी मशीन से अवैध खनन करता चालक दीपक सिंह मिला। पुलिस ने अवैध खनन में लिप्त मशीन को जब्त किया है। कोतवाल शर्मा का कहना है कि अवैध खनन को लेकर आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# जिपं की बोर्ड बैठक में छाए रहे सड़क, पानी के मुद्दे



पिथौरागढ़ : जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में सड़क, पानी के मुद्दे छाए रहे। गुरूवार को जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक हुई। बैठक में सदस्यों ने जल जीवन मिशन में बिछाई गई पेयजल लाइनों की निगरानी न होने व बार-बार सड़कों की मांगों पर कार्रवाई न होने पर सवाल उठाए। इस दौरान सदन में अधिकारियों ने सदस्यों के सवालों का जबाव दिया। इस दौरान सीडीओ वरुण चौधरी, उपाध्यक्ष कोमल मेहता सहित अन्य लोग शामिल रहे। (एजेंसी)

# मुख्यमंत्री के निर्देशों पर उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड की चयन प्रक्रिया स्थगित



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के द्वारा किए गए चयन एवं की जा रही चयन प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है। इस प्रकरण में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने आज मुख्यमंत्री से भेंट कर उनको शिकायत की थी जिसके फलस्वरूप मुख्यमंत्री ने तत्काल इस परीक्षा को स्थगित करने के निर्देश दिए। साथ ही सम्पूर्ण प्रक्रिया की गहनता से जांच कराने के भी निर्देश दिए हैं। उत्तराखंड में भर्तियों में धांधलियों को लेकर मुख्यमंत्री लगातार सख्त रुख अपना रहे हैं। राज्य में इसी कड़ी में कठोर नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। पिछले दिनों जिन भी भर्तियों में धांधली की शिकायत मुख्यमंत्री को मिली उन पर तत्काल कार्रवाई की गई। गलत गतिविधियों में संलिप्त तमाम लोगों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया है।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने आज मुख्यमंत्री से भेंट कर उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से की जा रही आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक चिकित्सा की भर्ती में धांधली का संदेह जताते हुए चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड की प्रक्रिया की गहनता से जांच करने की मांग मुख्यमंत्री से की। इसी क्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के द्वारा किये गये चयन एवं की जा रही चयन प्रक्रिया को तत्काल स्थगित करते हुए सम्पूर्ण प्रक्रिया की गहनता से जांच के निर्देश दिए हैं।

## चार मकान क्षतिग्रस्त, सात सड़कों में यातायात प्रभावित

बागेश्वर : मौसम विभाग के औरेंज अलर्ट के बाद डीएम ने गुरुवार को जिले के सभी कक्षा एक से 12 तक के स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र बंद रखने के आदेश जारी किए थे, लेकिन बारिश नहीं हुई। इसके बावजूद पिछले दिनों हुई बारिश के कारण दुश्वारियां बरकरार हैं। जिले में चार मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, जबकि सात सड़कों पर आवाजाही दूसरे दिन भी बंद रही। चंडिका मार्ग पर फल्टनियां में भूस्खलन से कई खेतों में दरार आ गई है। जबकि मां चंडिका वैंक्वटट हॉल की सुरक्षा दीवार ढह गई है। इससे बैंक्वट हॉल को खतरा बना हुआ है। उधर, कपकोट से पोथिंग जाने वाले यात्री जान जोखिम में डालकर आवाजाही को मजबूर हैं। असों डणूं के पास स्कबर पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। ग्रामीण क्षेत्र में बिजली और पानी का भी संकट बना हुआ है। (एजेंसी)

# कांग्रेस ने प्रदेश सरकार का पुतला फूंका



बागेश्वर : प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर व महिलाओं के साथ हो रहे दुष्कर्म जैसी घटनाओं पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज कार्यकर्ताओं ने इसके लिए प्रदेश सरकार को जिम्मेदार बताया। उन्होंने जनप्रतिनिधियों पर भी बेलगाम होने काआरोप लगाया। विरोध में प्रदेश सरकार के पुतले का दहन किया।

जिलाध्यक्ष भगवत डसीला के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता गुरुवार को एसबीआई तिराहे पर एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदेश सकरार के खिलाफ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं। सरकार के नाक के नीचे महिलाओं की निर्मम हत्या हो रही है, लेकिन दोषियों को सजा तक नहीं मिल रही है। इससे उनके हौसले बुलंद हैं। हरिद्वार जिले में भाजपा नेता ने एक महिला के साथ दुष्कर्म किया और उसके बाद भी कोई कार्रवाई उसके खिलाफ नहीं हुई। जनप्रतिनिधि बेलगाम हो गए हैं। उनका कार्यकर्ताओं पर कोई अंकुश नहीं है। बकायदा गलत काम करने वालों को शह दी जा रही है। उन्होंने सरकार से घटनाओं पर रोक लगाने तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इसके बाद प्रदेश सरकार के पुतले का दहन किया। इस मौके पर रंजीन दास, कवि जोशी, महेश पंत, किशन गिरी, ललित गोस्वामी, राजेंद्र परिहार, मुन्ना पांडे, लक्ष्मी धर्मशक्तू आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# बाजपुर में मंच पर नेता प्रतिपक्ष को नहीं मिली संबोधन की अनुमति



काशीपुर : 20 गांव की 5838 एकड़ भूमि को बचाने और उस पर मालिकाना हक पाने के लिए भूमि बचाओ मुहिम और संयुक्त किसान मोर्चा सत्याग्रह आंदोलन जारी है। गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने आंदोलन को समर्थन दिया। लेकिन उन्हें मंच पर बोलने की अनुमति नहीं दी गई। बावजूद इसके उन्होंने माइक लेकर संबोधन किया। उन्होंने आंदोलनकारियों को आश्वस्त किया वह उनके साथ हमेशा खड़े रहेंगे। कहा जब मंच पर और नेता बोल सकते हैं तो उन पर क्यों आपत्ति लगाई जा रही है। भूमि बचाओ आंदोलन के पहले दिन उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, पीसीसी सदस्य रंजीत रावत, जितेंद्र शर्मा सोनू, हरेंद्र सिंह लाडी आदि कांग्रेस नेताओं ने आंदोलनकारियों को संबोधित किया था। दूसरे दिन संयुक्त किसान मोर्चा एवं भूमि बचाओ मुहिम ने बैठक की। भाकियू प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा ने निर्णय लिया कि आंदोलन के मंच पर अब किसी भी निर्वाचित नेता को बोलने का अधिकार नहीं दिया जाएगा। गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष आर्य अपने दल बल के साथ आंदोलन स्थल पर पहुंचे। (एजेंसी)

## होमगार्डो ने की नियमित ड्यूटी देने की मांग उठाई

पिथौरागढ़ : होमगार्डों ने शासन-प्रशासन से नियमित ड्यूटी देने की मांग की है। उनका कहना है कि उन्हें नियमित ड्यूटी नहीं मिलती। एक माह की सेवा के बाद उन्हें घर पर बैठना पड़ता है। यह व्यवस्था उनके लिए मुसीबत का सबब बन गई है। गुरुवार को होमगार्डों ने एसडीएम अनिल कुमार शुक्ला के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्ष 1995 से वह विभिन्न विभागों में होमगार्ड के तौर पर कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा आपदा, आम चुनाव से लेकर यातायात ड्यूटी भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व तक दो माह ड्यूटी के बाद एक माह ड्यूटी से मुक्त कर दिया जाता था। वर्तमान में एक-एक माह की ड्यूटी के बाद उन्हें एक माह ड्यूटी से मुक्त रखा जा रहा है। (एजेंसी)

# सांसद ने की भूमि पीड़ितों को भूमिधरी अधिकार देने की मांग

काशीपुर : 20 गांव की 5838 एकड़ भूमि मामले को लेकर भूमि पीड़ितों के चल रहे सत्याग्रह आंदोलन को लेकर केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री और नैनीताल-ऊधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट का बयान सामने आया है। उन्होंने करीब 6000 एकड़ भूमि पर भूमिधर अधिकार देने और किसानों की समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है।

गुरुवार को केंद्रीय मंत्री भट्ट ने कहा ऊधमसिंह नगर के बाजपुर तहसील में 20 गांव में लगभग 6000 एकड़ भूमि पर बसे लोग 50 सालों से भी अधिक संक्रमणीय भूमिधर हैं, जिनमें अधिकांश लोग कृषि में शामिल हैं। कहा क्षेत्र में आवासीय कॉलोनी, स्कूल, बाजार सहित कई सारे उद्योग भी हैं। उन्होंने कहा उक्त भूमि के नाम से विक्रमपुर गांव में 11 सौ एकड़ भूमि को औद्योगिक क्षेत्र घोषित किया है। जहां पॉलीप्लेक्स और पतंजलि सहित अन्य उद्योग स्थापित हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से अनुरोध करते हुए कहा पहले जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आदेश जारी किया था कि अगले आदेश तक उक्त भूमि में सभी प्रकार के क्रय-विक्रय को रोक दिया जाए, क्योंकि संबंधित द्वारा यूपी गवर्नमेंट एस्टेट ठेकेदारी (पुनः अधिनियम और सत्यापन अधिनियम) 1970 की विविध मामले दर्ज करके कार्रवाई शुरू की थी। जिसमें भूमि के सभी खतौनी पर यह आदेश छापा गया और वर्तमान समय में उपरोक्त प्रकरण हाई कोर्ट में विचाराधीन है। जिलाधिकारी कोर्ट में भी सुनवाई जारी है। कहा उपरोक्त प्रकरण को गंभीरता से दृष्टिगत रखते हुए उच्च स्तरीय जांच करवा कर नियमानुसार कार्रवाई किया जाना बेहद आवश्यक है। बताया उन्होंने मुख्यमंत्री से पहले भी पत्र लिखकर और दूरभाष पर इस संबंध में वार्ता की थी। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के लोगों का आश्वस्त किया कि सरकार पूरी तरह से उनके साथ खड़ी है। वह और मुख्यमंत्री धामी जल्द इसका समाधान निकालेंगे। (एजेंसी)

# पशु चिकित्सालय ग्रामीण क्षेत्रों के मध्य रखने को दिया ज्ञापन



अल्मोड़ा। अल्मोड़ा में पशु चिकित्सालय का भवन विक्रय हो चुका है जिसके बाद पशु चिकित्सालय को ग्रामीण क्षेत्रों के मध्य रखने को ग्राम प्रधानों ने जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन दिया है। जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में कहा गया है कि अल्मोड़ा सदर पशु चिकित्सालय का भवन जिसमें वर्षों से पशु चिकित्सालय संचालित हो रहा था वह विक्रय हो चुका है। जिससे ग्राम सभा खत्याड़ी, बरसीमी, पहल, सैनार, तलाड़, गरभनार, माल, सरसों, रैखोली, स्याली और अल्मोड़ा शहर की जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में कहा है कि पशु चिकित्सालय को इन ग्रामसभाओं के मध्य रखा जाय जिससे आसपास के गाँवों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

## कुमांऊ का पहला साइलेज खुलेगा प्लांट यूएस नगर में

चम्पावत : प्रेम नगर लोहाघाट में वंचित राज्य आंदोलनकारियों की बैठक हुई। जिसमें वंचित राज्य आंदोलनकारियों ने सरकार से चिन्हीकरण की मांग पूरी न होने पर आंदोलन की रणनीति तैयार की।

वंचित राज्य आंदोलनकारी खीम सिंह पाटनी की अध्यक्षता और बब्लू नाथ गोस्वामी के संचालन में हुई बैठक में कहा कि राज्य निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले कई आंदोलनकारी चिन्हीकरण कराने के लिए भटक रहे हैं। सकरार राज्य आंदोलन में अहम भूमिका अदा करने वाले लोगों की सुध नहीं ले रही है।

# यूथ कांग्रेस ने आवास योजनाओं पर उठाएं सवाल




पिथौरागढ़ : सरकार की ओर से संचालित विभिन्न आवास योजनाओं पर यूथ कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। युकां पदाधिकारियों का कहना है कि सीमांत में जरूरतमंदों को आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने प्रशासन को दस दिन का समय देते हुए कहा कि अगर निर्धारित समय तक उक्त परिवार को आवास योजना का लाभ नहीं मिला तो वह परिवार के सदस्यों को लेकर धरने में बैठ जाएंगे। यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष डीडीहाट विक्रम दानू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पहुंचकर सीडीओ को ज्ञापन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बंगापानी तहसील के तोली निवासी भूपेंद्र प्रसाद का परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। मकान बनाने में असमर्थ परिवार वर्तमान में टिन शेड में रह रहा है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से भूपेंद्र सरकार की ओर से संचालित अटल आवास योजना के तहत आवास के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन कोई भी उनकी सुध नहीं ले रहा। उन्होंने डीएम से परिवार को आवास योजना का लाभ देने की मांग की है। (एजेंसी)

# जिलाधिकारी विनीत तोमर ने विकासखंड चौखुटिया में की जनसुनवाई



अल्मोड़ा। जिलाधिकारी विनीत तोमर ने विकासखंड चौखुटिया के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण, निरीक्षण तथा जनसुनवाई की। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम तड़गताल का निरीक्षण किया साथ ही यहां पर लोगों की समस्याओं को सुना तथा लोगों की शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश उपस्थित संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने तहसील मुख्यालय चौखुटिया का निरीक्षण किया। यहां पर जिलाधिकारी ने सभी पटलों का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं को बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने तहसीलदार को निर्देश दिए कि कोर्ट केस लंबित न रहे, तथा जो केस निस्तारित किए जाते हैं, उनकी नियमित रिपोर्ट जिला कार्यालय को प्रेषित किया जाए।

## नौ से जिले में शुरू होगा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम

बागेश्वर : जनपद में मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम नौ अगस्त से शुरू होगा।

कार्यक्रम की तैयारी को लेकर गुरुवार को आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने कहा कि मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम में वसुधा वंदन, शिलाफलकम (स्मारक) समेत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में जनपद के हर गांव में वसुधा वंदन कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया जाएगा। वन व उद्यान विभाग पर्याप्त पौधों की व्यवस्था करेंगे।

# जुलाई माह में अल्मोड़ा पुलिस ने नियम तोड़ने वालों से वसूला 13.22 लाख जुर्माना



अल्मोड़ा। एसएसपी अल्मोड़ा रामचन्द्र राजगुरु द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण, सुदृढ़ कानून/सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रभावी पुलिसिंग हेतु समस्त सीओ व थाना/चौकी प्रभारियों आदि को आपरेशन मर्यादा व इवनिंग स्टार्म के तहत सार्वजनिक/पर्यटक स्थलों पर शराब पीने/पिलाने, गन्दगी करने, अराजकता फैलाने वालों व सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के सख्त निर्देश दिये गए हैं। जनपद पुलिस द्वारा आपरेशन मर्यादा व इवनिंग स्टार्म के तहत चेकिंग अभियान के दौरान माह जुलाई 2023 में नियमों का उल्लंघन करने वाले 2336 लोगों पर एमवी एक्ट/पुलिस एक्ट व कोटपा एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही की गई है।

# डेंगू को लेकर स्वास्थ्य विभाग सर्तक, अभियान किया तेज



**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : बरसाती मौसम में डेंगू रोग फैलने की आशंका के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग ने अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए डेंगू के खिलाफ अभियान को तेज कर दिया है। इसके तहत जहां निरंतर सोर्स रिडक्शन की कार्यवाही के साथ चिन्हित स्थानों पर फॉगिंग की जा रही है, वहीं स्कूलों व समुदाय स्तर पर जागरूकता बैठकों का आयोजन कर डेंगू से बचाव के सिलसिले में संवेदीकृत किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मर्तोलिया ने बताया कि डेंगू रोग रोकथाम व नियंत्रण को लेकर विभाग द्वारा सभी संभव आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। बताया कि एएनएम, सामुदयिक स्वास्थ्य अधिकारी व अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा अपने क्षेत्र के अंतर्गत समुदाय स्तर व स्कूलों में डेंगू जागरूकता की गतिविधि की जा रही है। वहीं, आशा कार्यकत्री द्वारा लगातार अपने क्षेत्र में डेंगू का लावा पनपने वाले संभावित स्थान की खोज कर सोर्स रिडक्शन की कार्यवाही को निरंतर संपादित किया जा रहा है। नगर पालिकाओं व पंचायत प्रशासन से समन्वय स्थापित कर फॉगिंग करवाई जा रही है, जिसके अंतर्गत गत दो दिनों में अगस्त्यमुनि बाजार, बेला, खुरड़, कोटेश्वर क्षेत्र में फॉगिंग की गई है। ऐपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. शाकिब हुसैन ने बताया कि नगर क्षेत्र में अनूप नेगी पब्लिक स्कूल, ख्रीष्ट ज्योति पब्लिक स्कूल के साथ सिद्धसौड़, रतूड़ा, नारी, सतेराखाल, घिमतोली, तिमली, बधाणी, उछोला, बरसूड़ी, बक्सीर, मचकंडी, दिगधार, कांडई स्थित स्कूलों में एएनएम, सीएचओ द्वारा डेंगू जागरूकता संत्र का आयोजन किया गया। वहीं, इन क्षेत्रों में सीएचओ द्वारा ग्रामीणों के साथ बैठक कर डेंगू से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। इसके अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिलवाड़ा में भी डेंगू जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इन मौकों पर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने कहा कि रुके हुए पानी में डेंगू का मच्छर पनपने की आशंका बनी रहती है, लिहाजा डेंगू से बचने के लिए घरों के आस-पास पानी एकत्रित न होने दें।

कहा कि जल भंडारण की वस्तुओं को ढक कर रखने, कूलर, फूलदान, टंकी आदि ऐसी चीजें जहां पानी एकत्र हो सकता है, वहां पानी एकत्र न होने दें व इन स्थानों पर सप्ताह में एक बार सफाई अनिवार्य रूप से करें। डेंगू के मच्छर से बचाव हेतु पूरी बांहों वाले कपड़े पहनने, मच्छरदानी, मच्छर नाशक क्रीम, स्प्रे आदि का प्रयोग करने की भी अपील की गई।

## दुकानें स्थानीय लोगों को प्राथमिकता से आवंटित करने की मांग उठाई

नई टिहरी : उद्योग व्यापार मंडल कोटी कालोनी के पदाधिकारियों सहित यहां के व्यापारियों ने डीएम मयूर दीक्षित से मुलाकात कर कोटी कालोनी में पर्यटन विभाग की बनी दुकानें स्थानीय लोगों को प्राथमिकता से आवंटित करने की मांग की। ऐसा न करने पर व्यापारियों ने आंदोलन की चेतावनी दी। दुकानों के आवंटन के लिए जारी टेंडर प्रक्रिया को निरस्त करने की मांग की।गुरुवार को कोटी कालोनी के उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों में अध्यक्ष कुलदीप पंवार और महामंत्री गोपाल रतूड़ी सहित यहां के व्यापारियों ने डीएम मूयर दीक्षित से मुलाकात अवगत कराया कि कोटी कालोनी टिहरी झील पर्यटन का मुख्यद्वार स्थानीय व्यापारियों की गतविधि से बना है। 2016 से पहले यहां पर बोटिंग नहीं होती थी, लेकिन स्थानीय स्तर पर हुए प्रयासों से बोटिंग का कारोबार शुरू हुआ। पर्यटन विभाग ने पर्यटकों की सुविधा व स्थानीय लोगों स्वरोजगार के मकसद से कोटी कालोनी में दुकानों का निर्माण किया है, लेकन ओपन टेंडर प्रक्रिया जारी कर अब स्थानीय लोगों की उपेक्षा की जा रही है।



# डीएम ने किया वेयर हाउस का निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने गुरूवार को ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला मजिस्ट्रेट ने वेयर हाउस में अग्निशमन सिलेंडर, लॉक, सीसीटीवी आदि का जायजा लेते हुए सुरक्षा के मध्येनजर जरूरी दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी, अधिशासी अभियन्ता अलादिया, भाजपा के मंडल महामंत्री उमेश भट्ट, कांग्रेस के प्रतिनिधि रवीन्द्र नेगी, सीपीआई से ज्ञानेन्द्र खंतवाल आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने धामी सरकार का पुतला फूंका



नई टिहरी : देश और प्रदेश भर में महिलाओं के साथ हो रही शर्मनाक घटनाओं के विरोध में चंबा चौराहे पर कांग्रेसियों ने धामी सरकार का पुतला फूंका। कांग्रेसियों ने सरकार से महिला अपराधों को रोकने की मांग की है। गुरुवार को शहर कांग्रेस कमेटी चंबा के नेतृत्व में कांग्रेसी चंबा चौक पर एकत्र हुए। जहां पर कांग्रेसियों ने महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार के लिए भाजपा सरकार करे जिम्मेदार ठहराते हुए प्रदर्शन करने के बाद पूतला फूंका। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि आज देश और प्रदेश भर में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशा रावत और नगर पालिका चंबा की अध्यक्ष सुमना रमोला ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा भाजपा का खोखला साबित हुआ है। आज मणिपुर से लेकर उत्तराखंड में तेजी से महिला अपराध बढ़े हैं।

इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश राणा, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशा रावत, ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष साहब सिंह सजवान, शहर कांग्रेस के अध्यक्ष शक्ति प्रसाद जोशी, सूरज सिंह राणा, सोबन सिंह नेगी, नरेंद्र चंद रमोला, विक्रम सिंह पंवार, नगर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष प्रभा तिवारी, गीता खनका, तनीषा रावत, उत्तम सिंह रावत, विजय सिंह नेगी, विजेंद्र सिंह नेगी, दिनेश कोहली, देव सिंह सजवान, गोविंद सिंह बिष्ट, रविंद्र सिंह नेगी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## खदरी और गढ़ी में होंगे वन्यजीवों से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

ऋषिकेश। आबादी क्षेत्र में वन्यजीवों को आने से रोकने के लिए वन विभाग करीब 14 किलोमीटर सोलर फेंसिंग और सुरक्षा दीवार का निर्माण करने जा रहा है।

इसके लिए प्रस्ताव मुख्यालय भेजा गया है। इस पर जल्द मुहर लगने की उम्मीद है। स्वीकृति मिलने के साथ ही सुरक्षा कार्यों को शुरू किया जाएगा। ग्रामसभा खदरी खड़कमाफ और गढ़ी मयचक की आबादी वन्यजीवों से परेशान है। खासकर हाथियों के उत्पात ने ग्रामीणों की रातों की नींद उड़ा रखी है।

वन कर्मियों की गश्त भी वन्यजीवों को आबादी में आने से नहीं रोक पा रही है, जिसके चलते अब ऋषिकेश रेंज कार्यालय ने मुख्यालय को चार किलोमीटर सोलर फेंसिंग और करीब 10 किलोमीटर सुरक्षा दीवार के निर्माण का प्रस्ताव भेजा है। प्रस्ताव को मानसून के बाद हरी झंडी मिलने की उम्मीद स्थानीय अधिकारियों को है।

# स्क्रीनिंग कैंप में 66 लोगों में मिले आई फ्लू के लक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**



रूद्रप्रयाग : अगस्त्यमुनि ब्लाक के अंतर्गत कुरझण व चापड़ गांव में ग्रामीणों के आई फ्लू से ग्रसित होने की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग ने इन गांवों में मेडिकल टीम भेजकर आई स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किए। कैंप में 91 ग्रामीणों की आई स्क्रीनिंग की गई, जिनमें से 66 में आई फ्लू के लक्षण मिलने पर उन्हें दवा वितरित कर बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मर्तोलिया के निर्देशन पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि की चिकित्सा अधिकारी डॉ. रासिका के नेतृत्व वाली टीम ने हड़ेतीखाल क्षेत्र के ग्राम चापड़ में व चिकित्सा अधिकारी डॉ. भवानी पाल के नेतृत्व वाली मेडिकल टीम ने ग्राम कुरझण में आई स्क्रीनिंग कैंप लगाए। चापड़ में आई फ्लू के विषयक 50 ग्रामीणों के नेत्रों की जांच की, जिसमें से 46 में आई फ्लू के लक्षण मिले। वहीं कुरझण में 41 की जांच हुइ, जिसमें से 20 ग्रामीण आई फ्लू से ग्रसित पाए गए। चिकित्सा अधिकारियों ने बताया कि आई फ्लू की चपेट में आए सभी ग्रामीणो को आई ड्रॉप व दवा वितरित की गई। इस अवसर पर चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों को आई फ्लू के बारे में भी जागरूक किया गया। बताया गया कि आई फ्लू या कंजक्टिवाइटिस आंखों का संक्रमण है, जो बरसात में बैक्टीरिया और वायरस के फैलने के कारण होने वाली एलर्जी की वजह से होता है। इसके साथ ही आंखों का लाल या गुलाबी होना, ज्यादा आंसू निकलना, आंखों में खुजली होना, आंखों से गाढ़े पानी जैसा चिपचिपा पदार्थ निकलना आई फ्लू के लक्षण हैं। उन्होंने आई फ्लू से बचाव के लिए साफ-सफाई का ध्यान रखने, बार-बार हाथ धोने, आंखों का बार-बार न छूने, रुमाल, बिस्तर या तौलिया साझा न करने, संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनाए रखने की अपील की। साथ ही आई फ्लू होने पर तत्काल चिकित्सक से संपर्क करने, आंखों पर चश्मा लगाने की अपील की। टीम में एएनएम बुद्धि बुटोला, फार्मासिस्ट सुभाष नेगी, सीएचओ शिवानी, आशुतोष, सरीता देवी, बिक्रम जगवाण, नरेंद्र सिंह रावत आदि शामिल रहे।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगें। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल **IREPS** पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगें। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या | 125-DRM-MB-23-24 Dt. 03.08.2023 |
| कार्य का नाम | Track portion - Remodeling of Lakhan Station in Phase-2 under ADEN/HPU |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 24.08.2023 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 2,86,78,665.12 |
| धरोहर राशि | 2,93,400.00 |
| टेन्डर फार्म की लागत | शून्य |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 माह |
| बिडिंग आरम्भ तिथि | 10.08.2023 |

टेंडर नं0 DEN-IV/Publication/125/23 दिनांक: 03.08.2023 2400/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# सड़क दुर्घटनाओं की मजिस्ट्रेटी जांच में आई कमियों को तत्काल दूर करें

## एनएच के अधिशासी अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने गुरूवार को जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। उन्होंने सभी सड़क निर्माणदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्रों एवं संवेदनशील स्थलों का संयुक्त निरीक्षण करते हुए ब्लैक स्पॉट का सुधारीकरण के साथ ही दुर्घटना संभावित स्थलों पर क्रैश बैरियर, पैराफिट एवं साइनेज लगाना सुनिश्चित करें।

इस दौरान लोक निर्माण विभाग द्वारा इस वर्ष जनवरी से अभी तक घटित सड़क दुर्घटनाओं की केस स्टडी प्रस्तुत की गई। बताया कि जनपद में जनवरी से अब तक 12 सड़क दुर्घटनाएं हुई है, जिनमें 12 व्यक्तियों की मृत्यु और 27 व्यक्ति घायल हुए है। इन 12 सड़क दुर्घटनाओं में से 09 दुर्घटनाओं की मजिस्ट्रीयल जांच कर ली गई है और 03 दुर्घटनाओं की मजिस्ट्रेटी जांच की जा रही है।

बैठक में एनएच के अधिशासी अभियंता के उपस्थित न रहने पर उनको कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सुरक्षित यातायात एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई करते हुए लोगों को सड़क दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक किया जाए।

सड़क दुर्घटनाओं की मजिस्ट्रेटी जांच में जो कमियां सामने आयी है, उनको तत्काल दूर करें। एसडीएम, पुलिस एवं सड़क निर्माणदायी संस्था के अधिकारी सड़कों पर संवेदनशील स्थलों का संयुक्त निरीक्षण करें। सुरक्षा मानकों के दृष्टिगत जहां पर वास्तविक तौर पर सुरक्षात्मक कार्य किया जाना है उसको प्राथमिकता पर किया जाए।

परिवहन, पुलिस एवं राजस्व अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत वाहनों की चैकिंग नियमित रूप से करें। वाहनों की ओवर स्पीड, ड्रंक एंड ड्राइव तथा ओवरलोडिंग के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की स्थित के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि घायल व्यक्ति के परिजनों से संपर्क करते हुए घायलों को आवश्यक चिकित्सा सहयोग प्रदान किया जाए।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना सं0 35/2023 दिनांक :- 03.08.2023**

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (रू0) | कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी राशि (रू0) | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनाँक व समय | वेबसाइट एवम कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **18/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2023 चौथी कॉल** ABSS के लिए विद्युत कार्य: अमृत भारत योजना के तहत मुरादाबाद मंडल के हरदोई (HRI) स्टेशन का उन्नयन। | 13123384.02 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद | 215600.00 | 6 (छः) माह | निविदायें दिनांक **25.08.2023** को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन **15:00** बजे खोली जायेंगी। | वेबसाइट **www.ireps.gov.in** मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद। |
| 2. | **21/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2023 चौथी कॉल** ABSS के लिए विद्युत कार्य: अमृत भारत योजना के तहत मुरादाबाद मंडल के शाहजहाँपुर (SPN) स्टेशन का उन्नयन। | 13154917.99 (जीएसटी सहित) | | 215800.00 | 6 (छः) माह | निविदायें दिनांक **25.08.2023** को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन **15:00** बजे खोली जायेंगी। | |

2399/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# रायवाला में हाईवे से अतिक्रमण हटाया

ऋषिकेश। हाईकोर्ट में अतिक्रमण को लेकर दायर जनहित याचिका के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। रायवाला में प्रशासन की टीम ने नेशनल हाईवे के किनारे बाजार से चार दर्जन से ज्यादा अस्थायी कब्जे हटा दिए। कार्रवाई से हाईवे घेरने वालों में हड़कंप दिखा। जेसीबी से सामान को बचाने के लिए मौके पर अफरा–तफरी का माहौल रहा। टीम ने स्थायी अतिक्रमण करने वालों को नोटिस भी दिए हैं।

गुरुवार को एसडीएम सौरभ असवाल एनएचएआई अधिकारियों के साथ रायवाला पहुंचे। उन्होंने पुलिस बल के साथ रायवाला थाने से लेकर बाजार में खांड गांव तक करीब 50 दुकानों के बाहर से जेसीबी के माध्यम से अस्थायी अतिक्रमण हटाया। कार्रवाई के दौरान कई अतिक्रमणकारी मोहलत भी मांगते दिखे, लेकिन अधिकारियों ने उनकी एक नहीं सुनी। इस बीच कई अतिक्रमणकारी जेसीबी को आता देख आनन–फानन में सामान समेटते नजर आए। अतिक्रमण हटाते वक्त बाजार और आसपास के इलाकों की विद्युत सप्लाई को भी एहतियात के तौर पर बाधित रखा गया।

एसडीएम ने बताया कि स्थायी अतिक्रमण करने वाले लोगों को नोटिस जारी कर खुद ही अतिक्रमण हटाने के लिए अल्टीमेटम दिया गया है। यदि नोटिस के बावजूद, वह अतिक्रमण नहीं हटाते हैं, तो प्रशासन जेसीबी से अतिक्रमण ध्वस्त करेगा। बताया कि यह कार्रवाई हाईकोर्ट के निर्देश पर की जा रही है।

## पीएम की बहन बसंती बेन पहुंची नीलकंठ

ऋषिकेश। श्रावण मास में नीलकंठ धाम में भगवान भोलेनाथ के दर्शन और पूजन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बहन बसंती बेन पति हसमुख के साथ पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने मंदिर में महादेव का जलाभिषेक कर परिवार और देश की सुख समृद्धि की कामना की। बसंती बेन इसके बाद पार्वती मंदिर के पास यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की बहन शशि देवी से भी मिलीं। कुलक्षेम पूछने के बाद उन्होंने शशि से लंबी बातचीत की। उनके साथ बिताए पलों को बसंती बेन ने मोबाइल के जरिए कैमरे में भी कैद किया। वह बोलीं , उनके भाई पीएम नरेंद्र मोदी सब कुछ त्याग कर देश को और दूसरे भाई सीएम योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश को समर्पित हैं।

## अभिभावक अध्यापक संघ के अध्यक्ष बने दिलीप चौहान

ऋषिकेश। राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज आईडीपीएल शिक्षक अभिभावक संघ की आम बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। संघ के अध्यक्ष दिलीप चौहान, उपाध्यक्ष प्रधानाचार्य राजीव लोचन सिंह, सचिव हरेंद्र सिंह राणा, कोषाध्यक्ष अमृतलाल, कार्यकारिणी सदस्य सविता देवी, चंदा रतूड़ी, सुनीता देवी तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अपर्णा सिंह, सचिव प्रधानाचार्य राजीव लोचन सिंह, कार्यकारिणी सदस्य मंजू देवी, सविता देवी, मानसी देवी को शपथ दिलाई गई। बैठक में छात्र छात्राओं के हितों तथा विद्यालय के विकास हेतु चलाए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की गई। शरारती तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर अपलोड की गई वीडियो की निंदा की गई। अजय रिजवान ने कहा कि ऐसे लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। मौके पर निर्धन छात्र–छात्राओं को रेन कोट वितरित किए गए। मौके पर वीरपाल सिंह रावत, सूरजमणि, विजयपाल सिंह, सुशील रावत, नीरजा कर्नवाल, ललित मोहन जोशी,सुशील सैनी, पंकज सती, नरेंद्र सिंह रावत, मोनिका रौतेला, इंदु नेगी, इंदू सिंह, डॉ आभा भट्ट, मनोज कुमार गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद नौटियाल, राकेश जुयाल, ललित चौहान, राजेश नेगी, विनोद पवार, मनोज शर्मा, सुनीता पवार आदि रहे।


**कार्यालय - प्रबन्धक/प्रधानाध्यापक जयानन्द भारतीय पूर्व मा0वि0 पंचपुरी (बीरोंखाल) पौड़ी गढ़वाल (उ0ख0) 246275**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विद्यालय जयानन्द भारतीय पूर्व मा0वि0 पंचपुरी की नवीन प्रबन्धक समिति गठन हेतु नवीन प्रशासन योजना के अनुसार प्रबन्धक समिति का गठन होना है विद्यालय आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तराखण्ड से सम्बन्धित है। इसलिए आवेदक आर्य समाज के नियमों का पालन करने वाला आवश्यक है। जिनकी आयु 21 वर्ष पूर्ण हो चुकी हो इस विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 15 दिन की समयावधि तक विद्यालय प्रबन्धक समिति की आम सभा की सदस्यता ले सकते है जिसके नियम व शर्ते निम्नवत है।

1- साधारण सदस्य शुल्क 501 (पॉच सौ एक)

2- आजीवन सदस्य शुल्क 5100 (पॉच हजार एक सौ)

3- विशेष आजीवन/संरक्षक/संस्थापक हेतु - 11000(ग्यारह हजार) की राशि को बैंक ड्राफ्ट जो उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक बैजरो (SBIN0RRUTGB) में देय हो, विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 के अन्दर विद्यालय कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में व्यक्तिगत रूप से जमा कर दें। बैंक ड्राफ्ट के साथ आवेदन पत्र जमा करना अनिवार्य होगा, आवेदन पत्र विद्यालय से प्राप्त कर लें। बिना आवेदन पत्र के बैंक ड्राफ्ट निरस्त कर दिया जाएगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आवेदक की होगी, निर्धारित तिथि के उपरान्त कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

भवदीय

**प्रबन्धक**
**जयानन्द भारतीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय**
**पंचपुरी, वि0क्षे0 बीरोंखाल, पौड़ी गढ़वाल**

**प्रधानाध्यापक**
**जयानन्द भारतीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय**
**पंचपुरी, वि0क्षे0 बीरोंखाल, पौड़ी गढ़वाल**

(1204/21)

सम्पादकीय

# प्रवेश आयु सीमा सराहनीय फैसला

उत्तराखंड में बच्चों के मानसिक विकास को लेकर राज्य सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है जिसके तहत पहली कक्षा में दाखिले के समय बच्चों की उम्र १ अप्रैल को कम से कम 6 वर्ष होना अनिवार्य कर दिया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत भी बच्चों के पढ़ाई शुरू करने की आयु को लेकर व्यापक बिंदु शामिल किए गए हैं जिसमें प्रथम कक्षा में 6 वर्ष की उम्र होना आवश्यक किया गया है। धामी सरकार में इस फैसले को उत्तराखंड में मंजूरी मिल गई है और अब अगले सत्र से यह जरूरी होगा की बच्चों की आयु प्रथम कक्षा में कम से कम 6 वर्ष होगी अन्यथा प्रवेश नहीं हो पाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण यह है की क्या निजी स्कूल इस प्रक्रिया का पालन करेंगे या नहीं? अधिकांश निजी विद्यालयों में बच्चों को ढाई से 3 साल की उम्र में ही दाखिले के लिए बुला लिया जाता है। कुछ स्कूलों में साढ़े तीन साल की उम्र में नर्सरी मैं प्रवेश कर दिए जाते हैं और पहली कक्षा तक पहुंचने पर कई बच्चों की उम्र 6 वर्ष भी नहीं हो पाती है। यहीं से तकनीकी दिक्कतें शुरू होगी जिसमें धार्मिक कैबिनेट में पास किया गया यह महत्वपूर्ण फैसला किस प्रकार से अमल में लाया जाएगा और कितने स्कूल इस पर खरे उतरेंगे? बच्चों की न्यूनतम उम्र पहली कक्षा के लिए निर्धारित करना ही सरकार के लिए काफी नहीं होगा बल्कि इसके लिए शिक्षा विभाग को भी ऐसी तकनीक विकसित करनी होगी जिसमें यह स्पष्ट हो पाए की बच्चा 6 वर्ष से कम की उम्र में भी पहली कक्षा में प्रवेश ले चुका है। इसका सबसे अच्छा समाधान यह है की सभी विद्यालयों चाहे वह सरकारी हो या निजी उन्हें एक ऐप के माध्यम से जोड़ा जाए जिसमें प्रवेश प्रक्रिया के साथ ही यह स्पष्ट हो जाए कि बच्चा कक्षा एक में आयु के मानकों के अनुसार प्रवेश करने योग्य है या नहीं। उत्तराखंड सरकार का यह फैसला बेहद सराहनीय है क्योंकि निजी स्कूलों में प्रतिस्पर्धा की दौड़ में बच्चों को कम उम्र में भी प्रवेश दिए जा रहे हैं और उनके अविकसित मस्तिष्क पर शिक्षा का बोझ लादा जा रहा है। जिस उम्र में बच्चों को सबसे अधिक अभिभावकों की आवश्यकता होती है उस वक्त उन्हें किताबों के बोझ तले दबाया जा रहा है जिससे बच्चों में बेहद कम उम्र में मानसिक तनाव एवं कुंठा घर कर रही है। मनोवैज्ञानिक भी यह मानते हैं कि बच्चों की शिक्षा शुरू करने की सबसे सही उम्र 5 वर्ष के बाद ही होती है जिसमें वह पूरी तरह अपने आसपास के माहौल एवं किताबों में लिखी गई बातों को आसानी से समझ पाता है। बच्चों में अनावश्यक तौर पर शिक्षा का बोझ लादा जा रहा है जो उन्हें शारीरिक श्रम एवं बौद्धिक विकास से दूर ले जा रहा है। निजी स्कूलों को भी बच्चों के प्रवेश के समय उनकी आयु के अनुसार यह जरूर ध्यान में रखना चाहिए कि पहली कक्षा तक पहुंचने पर उनकी उम्र 6 वर्ष की हो जाए ताकि भविष्य में बोर्ड अथवा दूसरी परीक्षाओं में बैठने पर उन्हें परेशानियों का सामना न करना पड़े। यह तभी संभव है जब शिक्षा विभाग सभी विद्यालयों को तकनीकी तौर पर प्रवेश प्रक्रिया से जोड़ेगा और कम उम्र में रजिस्ट्रेशन करने की दिशा में तत्काल प्रवेश स्वत ही निरस्त हो जाएगा। इन परिस्थितियों में सभी विद्यालयों के लिए यह अनिवार्य हो जाएगा कि वह बच्चों की आयु की गणना कर ही उन्हें प्रवेश देंगे।

# समान कानून पर थम गई चर्चा

**जाहिर है इस कानून से जितनी दिक्कत मुस्लिम समुदाय को है उतनी ही दिक्कत आदिवासी समुदायों को है, उतनी ही दिक्कत सिख समुदाय को है और उतनी ही दिक्कत ईसाई समुदाय को है। सो, मोटे तौर पर कहें तो करीब 30 फीसदी आबादी ने समान नागरिक कानून बनाने की पहल का विरोध किया है। इसके अलावा बड़ी संख्या हिंदुवादी लोगों की भी है, जो मसौदा देखे बगैर इसके विरोध में उतर आए हैं। तभी सरकार के सामने दुविधा है। अगर वह आदिवासी या किसी भी समुदाय को कोई रियायत देती है तो समान नागरिक संहिता का कोई मतलब नहीं रह जाएगा। यूनिफॉर्म कानून का मतलब है कि वह यूनिवर्सल होना चाहिए। समान रूप से देश के हर नागरिक के लिए लागू होना चाहिए। लेकिन विवाह, तलाक, बच्चा गोद लेने का अधिकार और संपत्ति का बंटवारा ये चार ऐसी चीजें हैं, जिन पर एकसमान कानून बनाना बहुत मुश्किल है। हर जातीय समुदाय की अपनी अपनी परंपराएं हैं, जिनको छोड़ना उनके लिए आसान नहीं होगा। इसलिए इस पर सलाह मशविरा करके आम राय बनाने की बजाय कानून थोपने की कोशिश कामयाब नहीं हो सकती है।**

**अजीत द्विवेदी**

राष्ट्रीय विधि आयोग को समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी पर 80 लाख से एक करोड़ के बीच सुझाव मिले हैं। आयोग ने 14 जून को लोगों से अपील की थी कि वे बताएं कि देश में समान नागरिक संहिता लागू होनी चाहिए या नहीं। अगर होनी चाहिए तो क्यों और नहीं होनी चाहिए तो उसके पीछे क्या तर्क है। पहले एक महीने का समय दिया गया था लेकिन बाद में इसे दो हफ्ते और बढ़ा दिया गया। इस बीच 27 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश में भाजपा के चुनाव अभियान का आगाज करते हुए समान नागरिक संहिता पर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा, 'यूनिफॉर्म सिविल कोड के नाम पर लोगों को भडक़ाया जा रहा है। एक घर दो कानून से घर नहीं चल पाएगा। भारत के संविधान में भी नागरिक के समान अधिकार की बात की गई है'। प्रधानमंत्री के इस बयान के बाद पूरे देश में समान कानून पर चर्चा शुरू हो गई। चारों तरफ इस पर सम्मेलन और सेमिनार होने लगे। संसदीय समिति की बैठक भी हुई और तमाम सामाजिक व धार्मिक संगठनों ने अपनी राय विधि आयोग को भेजी।

तब ऐसा लग रहा था कि सरकार संसद के मानसून सत्र में इस बिल को पेश कर सकती है। हालांकि उस समय तक विधि आयोग का काम पूरा नहीं हुआ था और न उसने कोई सिफारिश की थी। यहां तक कि सरकार ने बिल का मसौदा भी तैयार नहीं किया था। लेकिन तब सूत्रों के हवाले से मीडिया में ऐसी खबर आई थी कि उत्तराखंड सरकार की ओर से तैयार कराए जा रहे बिल के मसौदे को ही भारत सरकार भी अपना सकती है। उत्तराखंड सरकार के लिए समान नागरिक संहिता का मसौदा सुप्रीम कोर्ट की रिटायर जज जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता वाली कमेटी कर रही है। पिछले महीने इस कमेटी के सदस्यों ने विधि आयोग से भी मुलाकात की थी। तब कहा गया था कि 15 जुलाई तक जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई कमेटी अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप देगी।

हैरानी की बात है कि अब जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई कमेटी की ओर से बनाए जा रहे मसौदे की भी कोई चर्चा नहीं हो रही है। कमेटी ने अभी तक रिपोर्ट राज्य सरकार को नहीं सौंपी। सो, रेफरेंस के लिए भी किसी के पास कोई मसौदा नहीं है। विधि आयोग को जो एक करोड़ सुझाव मिले हैं उनकी छंटनी और विषय के हिसाब से ब्योरेवार उनको व्यवस्थित करना लंबा और समय खाने वाला काम है। इसी तरह 27 जून के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार भी समान नागरिक संहिता के बारे में कोई बयान नहीं दिया है। कोई और मंत्री या भाजपा का नेता भी इस बारे में नहीं बोल रहा है और इस पर होने वाले सेमिनार, सम्मेलन आदि भी अचानक बंद हो गए हैं। सवाल है कि ऐसा क्यों हुआ है? क्या इस कानून को लागू करने के रास्ते में आने वाली बाधाओं या विरोधाभासों की वजह इसको स्थगित कर दिया गया है या सरकार की कोई मंशा थी, जो इतनी चर्चा से ही पूरी हो गई है और उसके बाद उसे स्थगित कर दिया गया है?



असल में समान नागरिक संहिता के बारे में यह आम धारणा है कि इसका सबसे ज्यादा विरोध मुस्लिम समुदाय करेगा। आजादी के बाद से भारतीय जनसंघ और राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ ने और 1980 के बाद से भाजपा ने यह धारणा बनाई है कि कांग्रेस की सरकारों ने अल्पसंख्यकों का तुष्टिकरण करने के लिए इसे लागू नहीं किया, जबकि संविधान के नीति निर्देशक तत्वों में इसको शामिल किया गया है। लेकिन हकीकत इस प्रचारित धारणा से अलग है। यह बात पहली बार कानून व न्याय मामले की संसदीय समिति की राय से जाहिर हुई। भाजपा सांसद सुशील मोदी की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति ने तीन जुलाई को अपनी बैठक के बाद कहा कि देश के आदिवासियों को समान नागरिक संहिता से रियायत मिलनी चाहिए। यानी उनको इसके दायरे से बाहर रखना चाहिए। अब सोचें, जब यह धारणा बनाई गई है कि मुस्लिम समुदाय को इससे सबसे ज्यादा दिक्कत होगी तो फिर आदिवासियों को इससे बाहर रखने की बात कहां से आई? जाहिर है आदिवासी समुदाय को भी इससे दिक्कत है।

इसके बाद सिख समुदाय ने ऐसे किसी भी प्रयास का विरोध करने का ऐलान किया। सिखों की सबसे बड़ी और पवित्र संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने कहा कि समान नागरिक संहिता सिख संस्कृति, उसकी पंरपरा और उसके धार्मिक रीति–रिवाज को प्रभावित करेगी। सिखों के बाद ईसाई समुदाय ने इसका विरोध किया और विरोध की सबसे तीखी आवाज पूर्वोत्तर से आई। वहां मेघालय, नगालैंड, मिजोरम आदि राज्यों में भाजपा की सहयोगी पार्टियों ने कहा कि उनको समान नागरिक संहिता कबूल नहीं है। बाद में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने भी विधि आयोग को भेजी गई अपनी सलाह में इस तरह के किसी प्रयास का विरोध किया। सबसे दिलचस्प बात यह है कि कट्टरपंथी हिंदू बौद्धिकों ने भी इसका विरोध किया। उनका कहना है कि यह कानून मुस्लिम समाज में प्रचलित बहुविवाह या हलाला जैसी प्रथा को समाप्त करने की बजाय हिंदू यूनाइटेड फैमिली यानी एचयूएफ के कांसेप्ट को खत्म कर देगा। कई हिंदुवादी विचारकों ने लिखा कि पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के समय लाए गए हिंदू कोड बिल से भी हिंदुओं की जो परंपरा बच गई थी वह इससे खत्म हो जाएगी।

जाहिर है इस कानून से जितनी दिक्कत मुस्लिम समुदाय को है उतनी ही दिक्कत आदिवासी समुदायों को है, उतनी ही दिक्कत सिख समुदाय को है और उतनी ही दिक्कत ईसाई समुदाय को है। सो, मोटे तौर पर कहें तो करीब 30 फीसदी आबादी ने समान नागरिक कानून बनाने की पहल का विरोध किया है। इसके अलावा बड़ी संख्या हिंदुवादी लोगों की भी है, जो मसौदा देखे बगैर इसके विरोध में उतर आए हैं। तभी सरकार के सामने दुविधा है। अगर वह आदिवासी या किसी भी समुदाय को कोई रियायत देती है तो समान नागरिक संहिता का कोई मतलब नहीं रह जाएगा। यूनिफॉर्म कानून का मतलब है कि वह यूनिवर्सल होना चाहिए। समान रूप से देश के हर नागरिक के लिए लागू होना चाहिए। लेकिन विवाह, तलाक, बच्चा गोद लेने का अधिकार और संपत्ति का बंटवारा ये चार ऐसी चीजें हैं, जिन पर एकसमान कानून बनाना बहुत मुश्किल है। हर जातीय समुदाय की अपनी अपनी परंपराएं हैं, जिनको छोड़ना उनके लिए आसान नहीं होगा। इसलिए इस पर सलाह मशविरा करके आम राय बनाने की बजाय कानून थोपने की कोशिश कामयाब नहीं हो सकती है।

समान नागरिक कानून को लेकर यहां वहां जो विरोध हुए और उनमें जो तर्क दिए गए उन पर विचार की जरूरत है। जैसे यह कहा गया कि कई आदिवासी समुदायों में बहुपत्नी प्रथा प्रचलित है। मिजोरम के जियोना चाना की मिसाल दी गई, जिनकी 39 पत्नियां और 167 बेटे, बेटियां, पोते, पोतियां हैं। इसी तरह यह भी मिसाल दी गई कि सिक्किम में कम होती आबादी की वजह से राज्य सरकार ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए लोगों को प्रोत्साहन दे रही है। अभी मसौदा नहीं आया है इसलिए पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता है कि इसमें आदिवासियों के लिए क्या प्रावधान हैं लेकिन उससे पहले यह आशंका जाहिर की गई कि समान नागरिक कानून से आदिवासियों का विशेष दर्जा समाप्त हो जाएगा और उनकी जमीन लेने का रास्ता साफ हो जाएगा। यह आशंका जताई जा रही है कि आदिवासी संस्कृति पर तो असर होगा कि साथ ही उनकी जमीन का अधिग्रहण आसान हो जाएगा।जो हो, ऐसा लग रहा है कि सरकार को इसके रास्ते की व्यावहारिक समस्याएं दिख रही हैं। ध्यान रहे व्यावहारिक समस्याओं की वजह से ही केंद्र सरकार अभी तक संशोधित नागरिकता कानून को लागू नहीं कर पाई है। कानून पास होने के करीब चार साल बाद भी सरकार इसे लागू करने के नियम नहीं बना पाई है। इसी तरह से समान नागरिक कानून लागू करना आसान नहीं दिख रहा है। तभी ऐसा लग रहा है कि सरकार ने चर्चा छेड़ दी ताकि मुस्लिम, ईसाई आदि समुदाय के लोग इस पर प्रतिक्रिया दें तो उन पर दोष डाल कर ध्रुवीकरण का एजेंडा चलाया जाए। इससे ज्यादा इसका कोई मकसद नहीं दिख रहा है। लेकिन यह भी सच है कि अगर किसी नाटक के पहले दृश्य में बंदूक दिखती है तो तीसरे या चौथे दृश्य तक वह बंदूक चलती जरूर है। सो, अगर सरकार ने समान नागरिक संहिता का जिक्र छेड़ा है तो देर–सबेर इसे लागू जरूर किया जाएगा। वह समय कब आएगा, यह देखने की बात होगी।

# शुगर का मीटर करना है डाउन तो स्नैक्स में खाएं ये 5 हेल्दी फूड



डायबिटीज एक ऐसी बीमारी है जिसका कोई इलाज नहीं है. ये आपके जीवनभर आपके साथ ही रहेगी. हालांकि इसे सही खानपान और सही लाइफ़स्टाइल को फॉलो करके कंट्रोल में रखा जा सकता है. शुगर के मरीजों को खाने पीने में काफी परहेज होती है. ऐसे में आज हम आपको उन पांच हेल्दी स्नैक्स की जानकारी दे रहे हैं जिन्में पोषक तत्व की भरपूर मात्रा होती है और इससे ब्लड शुगर लेवल पर भी ज्यादा असर नहीं पड़ता है...

पॉपकॉर्न –डायबिटीज के मरीज स्नैक्स में पॉपकॉर्न भी खा सकते हैं. इससे कई सारे फायदे मिलते हैं. पॉपकॉर्न का ग्लाइसेमिक इंडेक्स बहुत कम होता है, जो ब्लड शुगर को कम करने में मदद कर सकता है. इसमें स्वास्थ्य साबुत अनाज, कम कैलरी और भरपूर मात्रा में फाइबर होता है. इससे ब्लड शुगर कंट्रोल करने में मदद मिलती है.

बादाम– डायबिटीज के मरीज स्नैक्स में बादाम का सेवन कर सकते हैं. रिपोर्ट के मुताबिक 30 ग्राम बादाम में 15 विटामिन और मिनरल होते हैं.रिसर्च में दावा किया गया है कि डायबिटीज से पीड़ित जिन लोगों ने 12 हफ्ते तक रोजाना बादाम खाए उनमें इन्सुलिन रेजिस्टेंस कम पाया गया और पैंक्रियास की एक्टिविटी में भी सुधार हुआ, जिससे ब्लड शुगर लेवल को मेंटेन रखने में मदद मिली. एक्सपर्ट के मुताबिक डायबिटीज के मरीज 1 दिन में 6 से 8 बादाम खा सकते हैं. बेहतर तरीका है कि रात में इसे पानी में भिगो दें और सुबह इनका छिलका उतारकर सेवन करें.

भुना चना–डायबिटीज के मरीजों के लिए भुना हुआ चना खाना भी फायदेमंद हो सकता है. चने में घुलनशील और घुलनशील दोनों तरह के फाइबर पाए जाते हैं. ये फाइबर ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मददगार साबित होता हैं. चने का ग्लाइसेमिक इंडेक्स भी काफी कम यानी के 28 होता है. इसलिए भी ये डायबिटीज मरीजों के लिए हेल्दी फूड की लिस्ट में गिना जाता है.इसे खाने से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल होता है.

एवोकाडो–एवोकाडो खाना भी काफी फायदेमंद हो सकता है. इसमें फाइबर और मोनो सैचुरेटेड फैटी एसिड ज्यादा होती है जिसे खाने के बाद ब्लड शुगर तेजी से कंट्रोल होता है. एवोकाडो का सेवन करने से कोलेस्ट्रॉल को भी कम करने में मदद मिलती है.

चिया सीड्स–डायबिटीज के मरीज चिया सीड्स से बने हलवे का सेवन कर सकते हैं. यह ब्लड शुगर को स्टेबलाइज करने में मदद करता है आपको बता दें कि चिया सीड में ओमेगा 3 फैटी एसिड, फाइबर और मैग्नीशियम का बड़ा स्त्रोत होता है. ये सभी पोषक तत्व डायबिटीज की जटिलताओं के जोखिम को कम करने में मदद कर सकते हैं.

# म्यांमार: बेरहम सैनिक और बदनसीब लोग

**श्रुति व्यास**

सन् 2021से म्यांमार की जनता का सुख–चैन छिना हुआ है। सैनिक तानाशाह जनरल मिन आंग हलैंग और उनका गिरोह जनता द्वारा चुनी गई आंग सान सू की नागरिक सरकार को हटाकर सत्ता पर हथियाई हुई है। सेना ने नेताओं और विपक्षी कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर जेलों में डाला हुआ है। मीडिया पर बंदिशें लगाईं है। आपातकाल की घोषणा करके'स्वतंत्र एवं निष्पक्ष' चुनावों की घोषणा की हुई है। लेकिन ढ़ाई साल बाद फिर घोषणा है कि आपातकाल जारी रहेगा, लिहाजा 'जिन चुनावों का वायदा किया गया था' वे स्थगित रहेंगे।

सेना द्वारा बनाया गया सन् 2008 का संविधान सेना को एक साल तक आपातकाल लागू कर एक साल तक शासन करने का अधिकार देता है और यदि चुनाव की तैयारी न हो पाए तो इस अवधि को छह–छह महीने के टुकड़ों में दो बार बढ़ाया जा सकता है, जिसका अर्थ है कि यह समय सीमा इस साल 31 जनवरी को ख़त्म हो गई। लेकिन नेशनल डिफेन्स एंड सिक्यूरिटी कौंसिल (एनडीएससी) ने फरवरी में यह कहते हुए सेना को ठह माह के लिए आपातकाल बढ़ाने की इजाजत दी थी कि देश के हालात सामान्य नहीं हैं। इस तरह म्यांमारमें आपाताकाल की अवधि सोमवार को चौथी बार बढ़ाई गई। सैन्य सरकार का मानना है कि देश में अभी चुनाव करवाने लायक स्थिति नहीं है क्योंकि आपाताकाल के ज़रिए जो लक्ष्य हासिल किए गए जाने था वे अभी तक हासिल नहीं हुए हैं।जाहिर है आपातकाल की अवधि बढाई जाती रहेगी। सैन्य शासन जारी रहेगा, जनता और सेना का टकराव चलता रहेगा और म्यांमार गृहयुद्ध की ओर बढ़ता रहेगा।

जनरल मिन आंग हलैंग के पास म्यांमार में उथल–पुथल और युद्ध जारी रखने के पर्याप्त साधन और साथी हैं। ब्रिटेन, अमरीका और यूरोपीय देशों द्वारा सैनिक अफसरों के गिरोह पर लगाए गए प्रतिबंधों का प्रभाव चीन, रूस और भारत के कारण कम हो गया है। सैन्य शासन के खिलाफ होने के बावजूद आसियान देशों में भी मतभेद हैं जिससे वे भी ख़ास असर नहीं डाल पा रहे हैं।



**चीन और रूस जनरल के 'अच्छे' मित्र हैं। संयुक्त राष्ट्रसंघ का अनुमान है कि चीन ने तख्तापलट के बाद से सैन्य सरकार को 25.4 करोड़ डालर के हथियार दिए हैं। रूस द्वारा बेचे गए 40 करोड़ डालर के हथियारों में हेलिकाप्टर गनशिप्स भी हैं, जिनका उपयोग पाजीग्यी गांव के निवासियों को मारने के लिए किया गया था।**


चीन और रूस जनरल के 'अच्छे' मित्र हैं। संयुक्त राष्ट्रसंघ का अनुमान है कि चीन ने तख्तापलट के बाद से सैन्य सरकार को 25.4 करोड़ डालर के हथियार दिए हैं। रूस द्वारा बेचे गए 40 करोड़ डालर के हथियारों में हेलिकाप्टर गनशिप्स भी हैं, जिनका उपयोग पाजीग्यी गांव के निवासियों को मारने के लिए किया गया था। ये दोनों देश संयुक्त राष्ट्रसंघ में सैन्य सरकार को अंतर्राष्ट्रीय कार्यवाही से बचाने का काम करते हैं। आज तक देश में 3,857 लोग मारे जा चुके हैं, हजारों लोगों दमन का शिकार हुए हैं, उन्हें जेलों में ठूंस दिया गया है और अनगिनत कानूनों का उल्लंघन हुआ है। अनुमान है कि 13.8 लाख लोग विस्थापित हुए हैं। यह संख्या लाखों रोहिंग्या शरणार्थियों के अलावा है।

म्यांमार की सबसे प्रसिद्ध महिला राजनीतिज्ञ, नोबल पुरस्कार विजेता, पूर्व प्रधानमंत्री, 78 वर्षीय आंग सांग सू की को जेल में डाल दिया गया है। वे 33 साल की सजा काट रही हैं और कुछ दिन पहले ही उन्हें जेल से हटाकर घर में कैद कर दिया गया है। किसी को नही पता कि वे किस हाल में हैं, कहां हैं या उनको सजा सुनाए जाने के पहले चले मुकदमे की सुनवाई में क्या हुआ था।

यद्यपि एक निर्वासित सरकार झ्र द नेशनल यूनिटी गर्वमेन्ट झ्र अंतर्राष्ट्रीय समर्थन जुटाने का प्रयास कर रही है लेकिन उसे अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है। नेशनल यूनिटी गर्वमेन्ट के एक प्रवक्ता ने फोन लेट ने कहा कि आपातकालीन शासन की अवधि बढ़ाए जाने की आशंका पहले से ही थी क्योंकि सैन्य शासन लोकतंत्र समर्थक शक्तियों को नेस्तोनाबूत करने में सफल नहीं हो सका है। उन्होंने कहा, "सैन्य अधिकारियों ने आपातकाल की अवधि को इसलिए बढ़ाया क्योंकि जनरलों को सत्ता की हवस है और वे उसे खोना नहीं चाहते। जहां तक क्रांतिकारी समूहों का सवाल है, हम अपनी क्रांतिकारी गतिविधियां तेज करने का प्रयास कर रहे हैं"।

दुनिया इस सब से बेफिक्रहै। उसका पूरा ध्यान यूक्रेन पर है, और उसके बाद ताईवान पर, जिसे चीन का प्रतिरोध करने के लिए सैनिक मदद दी जा रही है। दूसरी ओर म्यांमार है, जिसे उसे सैन्य शासन के रहमोकरम पर छोड़ दिया गया है। उसका राज दो साल से जारी है।

# क्या सीढ़ियां चढ़ते वक्त हांफने लगते हैं आप? तो हो सकता है इन 5 में से 1 बीमारी ने बना लिया है शिकार!



सांस चल रही है तो आदमी जिंदा है. इसलिए कभी खतरनाक बीमारी आपके शरीर में एंट्री करती है तो सबसे पहले तकलीफ लेने में होने लगती है. जैसे– अगर आपको सीढ़ी चढ़ते वक्त सांस फूलने लगता है या किसी भी तरह की असुविधा होती है. या पैदल चलने या छोटा–मोटा काम करने में आप परेशान हो जाते हैं और सांस फूलने लगती है तो यह खतरनाक बीमारी के गंभीर लक्षण हो सकते हैं.

हेल्थडायरेक्ट के मुताबिक फेफड़ों की बीमारी, दिल की बीमारी, लंग्स या हार्ट में इंफेक्शन, पैनिक अटैक और फेफड़ों की नस में ब्लॉकेज होने पर सांस लेने में तकलीफ होने लगती है और यही वजह है कि जब आप सीढ़ी या तेज चलते हैं तो सांस फूलने लगता है.

**सीने में किसी भी तरह की तकलीफ हो रही है तो तुरंत डॉक्टर से मिलें**

सांस फूलने के साथ–साथ खांसी, घबराहत, सीने में दर्द या जकड़न, सीने में दर्द होना, छींक आना, बंद नाक और गले में दर्द की वजह से आप असहज महसूस करने लगते हैं. इसलिए इन लक्षणों को हल्के में न लें बल्कि बिना समय गवाएं तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए.

बदलते मौसम में खास ख्याल रखें

आजकल बहुत तेजी से मौसम बदल रहे हैं. ऐसे में सांस की बीमारी बहुत खतरनाक हो जाती है. इस वक्त वायरस और बैक्टीरिया का खतरा ज्यादा हो जाता है. जो आपकी सांस की नली में सूजन होने लगता है.

**स्मोकिंग या जंक फूड न खाएं**

स्मोकिंग, ड्रिंक, जंक फूड ज्यादा खाने से सांस की तकलीफ शुरू हो सकती है. इसलिए फैट वाले फूड को छोड़ देना चाहिए. यह बीमारी को गंभीर बना सकते हैं.

**फेफड़ों को डिटॉक्स करने के लिए इन सब्जी और फल को डाइट में करें शामिल**

फेफड़ों को मजबूत बनाने के साथ–साथ डिटॉक्स करने के लिए जरूरी है एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीइंफ्लामेटरी फूड. इसलिए अपनी डाइट में हल्दी, टमाटर, खे फल, कद्दू, सेब, चुकंदर को शामिल करें.

**फेफड़ों की सफाई करता है अदरत**

बिना तकलीफ के सांस लेना है तो फेफड़ों की सफाई जरूर करें. इसलिए हर दिन अदरक, नींबू और शहद से बनी हर्बल टी पिएं. यह फेफड़ों की नसों को रिलैक्स करने के साथ–साथ गंदगी भी निकालता है.

# दिल्ली अध्यादेश से जुड़ा बिल लोकसभा से पास

## दिल्ली पूर्ण राज्य नहीं, संसद को कानून बनाने का अधिकार: शाह बोले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में अधिकारियों की नियुक्ति और स्थानांतरण मामले में उपराज्यपाल के फैसले को अंतिम माने जाने वाले राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार संशोधन विधेयक लोकसभा से पारित हो गया। विधेयक पर हुई चाढ़े चार घंटे की चर्चा का जवाब देते हुए गृह मंत्री ने विपक्ष के रवैये पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि विपक्ष को देशहित, दिल्ली के हित की चिंता नहीं बल्कि गठबंधन बचाने की चिंता है। उन्होंने पूछा कि आज विपक्ष को मणिपुर हिंसा की याद क्यों नहीं आ रही? विपक्ष आज प्रधानमंत्री को सदन में बुलाने की मांग क्यों नहीं कर रहा? इससे पहले भी जब नौ विधेयक पारित हुए, तब विपक्ष ने चर्चा में हिस्सा क्यों नहीं लिया?

शाह ने कहा कि जो विधेयक पारित हुए वह जनहित, किसान हित से संबंधित थे। विपक्ष के रवैये से साफ हो गया है कि उसे बस अपने गठबंधन की चिंता है। उन्होंने कहा कि इस बिल को संसद में लाकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किसी तरह से उल्लंघन नहीं किया गया है। संविधान के तहत संसद को दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र से संबंधित किसी भी विषय पर कानून बनाने का पूर्ण अधिकार है।



इससे पहले अमित शाह ने 'राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली क्षेत्र सरकार संशोधन विधेयक, 2023' को चर्चा और पास कराने के लिए निचले सदन रखा। उन्होंने कहा कि दिल्ली न तो पूर्ण राज्य है, न ही पूर्ण संघ शासित प्रदेश है। राष्ट्रीय राजधानी होने के नाते संविधान के अनुच्छेद 239 (ए) (ए) में इसके लिए एक विशेष प्रावधान है। संविधान के अनुच्छेद 239 (ए) (ए) के तहत इस संसद को दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र या इससे संबंधित किसी भी विषय पर कानून बनाने का पूर्ण अधिकार प्राप्त है।

अमित शाह ने कहा कि कुछ सदस्यों ने कहा कि इस विधेयक को सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लंघन करके लाया गया है, लेकिन वह उन सदस्यों से कहना चाहते हैं कि कोर्ट के फैसले के मनपसंद हिस्से की बजाए पूरा संदर्भ दिया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के फैसले में पैरा 86, पैरा 95 और पैरा 164 (एफ) में स्पष्ट किया गया है कि अनुच्छेद 239 (ए) (ए) में संसद को दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र के विषय पर कानून बनाने का अधिकार है।

अमित शाह ने कहा कि पट्टाभि सीतारमैया समिति ने दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की सिफारिश की थी। जब यह विषय तत्कालीन संविधान सभा के समक्ष आया, तब पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, राजाजी (राजगोपालाचारी), डॉ. राजेंद्र प्रसाद और डॉ. भीमराव आंबेडकर ने दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्ज दिये जाने का विरोध किया था।उन्होंने कहा कि 1993 के बाद दिल्ली में कभी कांग्रेस और कभी भाजपा की सरकार आई। दोनों में से किसी दल ने दूसरे के साथ झगड़ा नहीं किया, लेकिन 2015 में ऐसी सरकार आई, जिसका मकसद सेवा करना नहीं, झगड़ा करना है। उन्होंने कहा कि इनका मकसद कानून व्यवस्था और स्थानांतरण पर नियंत्रण नहीं, बल्कि विजिलेंस को नियंत्रण में लेकर बंगले और भ्रष्टाचार का सच छिपाना है।

अमित शाह ने कहा कि मेरी विनती है कि चुनाव जीतने के लिए, किसी का समर्थन हासिल करने के लिए, किसी विधेयक का समर्थन या विरोध करने की राजनीति नहीं करनी चाहिए। नया गठबंधन बनाने के कई तरीके होते हैं, विधेयक और कानून देश के भले के लिए लाए जाते हैं, इसका विरोध या समर्थन भी देश और दिल्ली के भले के लिए करना चाहिए। आप दिल्ली की सोचिए, गठबंधन की नहीं।

लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि विपक्षी गठबंधन बनने के बाद भी नरेंद्र मोदी पूर्ण बहुमत के साथ फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। चर्चा पर लोकसभा में कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि अगर दिल्ली में ऐसी छेड़खानी होती रहेगी तो आप अन्य राज्यों के लिए भी ऐसे बिल लाते रहेंगे। अगर आपको लगता है कि यहां घोटाला होता है तो उसके लिए आपको यह बिल लाना जरूरी था? आपके पास एऊ उइक् क्ळ है, आप उसका इस्तेमाल क्यों नहीं करते?चर्चा में हिस्सा लेते हुए विपक्षी गठबंधन इंडिया के सहयोगियों, एआईएमआईएम ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाए। कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी, शशि थरूर, एनके प्रेमचंद्रन, असदुद्दीन औवैसी, डीएमके के दयानिधि मारन, एनसीपी की सुप्रिया सुले ने सरकार पर चुनी हुई सरकार के अधिकारों का अतिक्रमण करने का आरोप लगाया। अधीर ने कहा कि अगर सबकुछ केंद्र सरकार को ही करना है तो दिल्ली में चुनी हुई सरकार और विधानसभा का क्या मतलब है? उन्होंने कहा कि विधेयक के जरिए मोदी सरकार देश की संघवाद की भावना को नुकसान पहुंचा रही है।

विधेयक पारित होने के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी के प्रस्ताव पर स्पीकर ओम बिरला ने आप के इकलौते सांसद सुशील कुमार रिंकू को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया। दरअसल विधेयक पर चर्चा के दौरान सांसद रिंकू वेल में आए और बिल की प्रति फाड़ कर आसन की ओर फेंका। जोशी ने इसे सदन का अपमान बताते हुए उन्हें पूरे सत्र के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव रखा। स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि रिंकू ने सदन की गरिमा और मर्यादा को ठेस पहुंचाई है।

सरकार की योजना विधेयक को शुक्रवार को राज्यसभा में पेश करने की है। विपक्षी एकता की मुहिम से दूरी बनाने वाले दलों बीजेडी, टीडीपी, वाईएसआरसीपी ने उच्च सदन में विधेयक का समर्थन करने की घोषणा की है। इसके अलावा बसपा ने राज्यसभा में मतदान से अनुपस्थित रहने का फैसला किया है। लोकसभा में भी इन दलों ने विधेयक पर सरकार का साथ दिया। इन दलों के समर्थन के बाद उच्च सदन में भी विधेयक के पारित होने का रास्ता साफ हो गया है।विधेयक में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम में संशोधन कर अधिकारियों की नियुक्ति, स्थानांतरण पर फैसला लेने के लिए प्राधिकरण बनाने का प्रावधान है। प्राधिकरण में मुख्यमंत्री को भी शामिल किया गया है। हालांकि, इस मामले में फैसला लेने का अंतिम अधिकार उपराज्यपाल को दिया गया है।

## बेंगलुरू में पानी की टंकी ढहने से दो की मौत

**बेंगलुरु ,(एजेंसी)।** बेंगलुरु में एक इमारत की चौथी मंजिल से पानी की टंकी गिरने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना बीती देर रात शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन की सीमा में हुई। दोनों मृतकों में से एक की पहचान 40 वर्षीय अरुल के रूप में की गई है, जबकि दूसरे का नाम अभी तक नहीं बताया गया है। पुलिस के मुताबिक, अरुल इमारत के पास फास्ट–फूड की गाड़ी चलाता था। जिस दीवार पर पानी की टंकी रखी गई थी, वह कमजोर हो गई थी। टंकी के साथ ही इमारत की दीवार का एक हिस्सा भी ढह गया। दो घायल व्यक्तियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। ईस्ट डिवीजन के डीसीपी भीमा शंकर गुलेद ने कहा कि इमारत शिवाजीनगर बस टर्मिनल के करीब है और प्रारंभिक जांच से पता चला है कि टैंक को बिना किसी प्रारंभिक जांच के रखा गया था। उन्होंने कहा कि जांच के बाद दोषियों को सजा दी जायेगी।

## तीन दिनों में एयर इंडिया एक्सप्रेस की तीसरी फ्लाइट में आई खराबी

**कोच्चि ,(एजेंसी)।** तीन दिनों में एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक और उड़ान में खराबी आने की सूचना मिली है। 170 यात्रियों के साथ विमान ने केरल के कोच्चि हवाई अड्डे से शारजाह के लिए उड़ान भरी, लेकिन 45 मिनट बाद वापस लौट आया। फ्लाइट बुधवार रात करीब 10.30 बजे कोच्चि एयरपोर्ट से रवाना हुई और तुरंत बाद लौट आई। 170 यात्रियों को शारजाह जाने वाली अन्य उड़ानों में बिठाया गया।

इसके पहले सोमवार को दोपहर से ठीक पहले, बहरीन जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान ने तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे से अपनी उड़ान रद्द कर दी। उसी दिन, एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक और उड़ान जो तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली से रवाना हुई और शारजाह के लिए जा रही थी, तकनीकी खराबी के कारण तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर उतरी।तीन दिनों के अंतराल में एयर इंडिया एक्सप्रेस की तीन उड़ानों में तकनीकी खराबी आ गई। एयर इंडिया एक्सप्रेस केरल के तीन हवाई अड्डों तिरुवनंतपुरम, कोच्चि और कोझिकोड से मध्य पूर्व के विभिन्न देशों के लिए उड़ान भरती है।

## पटना में सडक़ शत्रु' की हो रही पहचान, लग रहा जुर्माना

**पटना ,(एजेंसी)।** बिहार की राजधानी पटना को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए पटना नगर निगम अब ऐसे लोगों की पहचान कर रहा है जो सडक़ पर कचरा फेंकते हैं। सीसीटीवी से भी इसके लिए मदद ली जा रही है। ऐसे लोगों को 'सडक़ शत्रु ' का नाम देकर उनसे जुर्माना वसूला जा रहा है। हाल के दिनों में पटना नगर निगम ने सभी 75 वाडी में सडक़ों की सफाई अभियान को तेज कर दिया है। सडक़ को साफ रखने वाले सफाई मित्रों की ओर से इस अभियान का शुभारंभ किया गया है। वहीं, अभियान की शुरुआत के दौरान सफाई मित्रों को सम्मानित भी किया गया है।नगर आयुक्त अनिमेष पराशर ने कहा है कि 75 सफाई निरीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि किसी भी सूरत में सडक़ गंदा करने वालों को नहीं छोड़ा जाए।बताया जाता है कि दो दिनों में इस अभियान के तहत 200 सडक़ शत्रु की पहचान कर सभी पर 500–500 रुपए जुर्माना लगाया गया है। इसके बाद इन सभी से गलती नहीं दोहराने का संकल्प करवाया गया।निगम के एक अधिकारी ने बताया कि इसके लिए सीसीटीवी की मदद ली जा रही है। निगम की टीम प्रत्येक वार्ड में तैनात किए गए हैं जो मुख्यालय के नियंत्रण कक्ष से जुड़े हैं।

## जम्मू–कश्मीर के विकास के प्रमुख चालक हैं श्रमिक: सिन्हा

**जम्मू ,(एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि श्रमिक राज्य के विकास के मुख्य चालक हैं और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना हमारा अंतिम लक्ष्य है। सिन्हा ने सुंजवान में प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) (शहरी) मिशन के तहत किफायती किराये के आवास परिसर (एआरएचसी) का उद्घाटन करने के बाद कहा, 'आज केंद्र शासित प्रदेश के पूरे कामकाजी समुदाय के लिए एक नए युग की शुरुआत हुई है।'

उन्होंने यह सुविधा जम्मू कश्मीर के श्रमिकों, कार्यबल और कमजोर वर्ग को समर्पित की और लाभार्थियों को आवास इकाइयों की चाबियां सौंपी। उन्होंने कहा कि किफायती किराए के आवास परिसर शहरी गरीबों, प्रवासी श्रमिकों और समाज के कमजोर वर्गों को उनके कार्यस्थल के पास सम्मानजनक जीवन प्रदान करेगा।उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल से वंचितों के लिए एक स्थायी आवास पारिस्थितिकी तंत्र तैयार होगा, परिवार के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन आएगा, भविष्य में झुग्गियों के विकास को रोका जा सकेगा और 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' के दृष्टिकोण को संबोधित किया जा सकेगा।

## त्रिपुरा में डेंगू से पहली मौत, सेहत विभाग और प्रशासन में मचा हडकंप

**अगरतला ,(एजेंसी)।** त्रिपुरा में डेंगू से पहले मरीज की मौत का मामला सामने आया है। एक सूत्र ने गुरुवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य अधिकारियों ने दावा किया कि उनके पास इसकी कोई पुष्टि नहीं है, लेकिन अस्पताल प्रशासन ने स्वीकार किया कि 65 वर्षीय सुभाष सरकार की मौत डेंगू से हुई है। सिपाहीजाला जिला में सोनामुरा के धनपुर निवासी सरकार 27 जुलाई से तेज बुखार और दस्त से पीड़ित थे। मृतक के पुत्र सुरेश सरकार ने कहा, वह बेहोश हो गए और उनके शरीर का तापमान असामान्य रूप से बढ़ गया था। धनपुर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सोनामुरा अस्पताल ले जाया गया, जहां सरकार को डेंगू होने का पता चला। इसके बाद उन्हें तुरंत त्रिपुरा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन अगले दो दिनों तक उनकी स्वास्थ्य स्थिति बिगड़ती रही।

सुरेश ने कहा, चूंकि हमने उनके स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं देखा, इसलिए हमने उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कर दिया। उन्होंने बहुत कोशिश की, लेकिन उनकी जान नहीं बचा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि आपातकालीन स्थिति का संकेत देने वाले लक्षणों के बावजूद मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीज को नहीं देखा। प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक अगरतला के सरकारी चिकित्सा कॉलेज में डेंगू से संक्रमित 37 लोगों का इलाज जारी है, जबकि सोनामुरा के स्थानीय अस्पतालों में बड़ी संख्या में मरीजों को भर्ती कराया गया है। त्रिपुरा सरकार ने पहले ही राज्य में आने वाले सभी बंगलादेशी नागरिकों के लिए डेंगू परीक्षण अनिवार्य कर दिया है।

स्वास्थ्य सचिव डॉ. देबाशीष बसु ने कहा, स्वास्थ्य विभाग ने सोनामुरा के प्रभावित क्षेत्रों के प्रत्येक गांव में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए हैं और स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सा सहायता के साथ अतिरिक्त डॉक्टरों को तैनात किया है। उन्होंने कहा, हमने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया है कि बुखार से पीड़ित लोगों की स्थिति के बारे में घर–घर जाकर व्यापक निरीक्षण करें।

# सीएपीएफ: कौन सी मजबूरी में जवान–अफसर छोड़ रहे अर्धसैनिक बल

**सीएपीएफ, एजेंसी।** केंद्रीय अर्धसैनिक बलों सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, सीआईएसएफ, असम राइफल्स और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के जवानों और अफसरों द्वारा बड़ी संख्या में नौकरी छोड़ने के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसी क्या मजबूरी है कि पिछले पांच वर्ष में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के 47000 जवानों/अधिकारियों ने नौकरी छोड़ दी। इन सभी ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली। इतना ही नहीं 6336 जवान/अफसर ऐसे भी रहे हैं, जिन्होंने नौकरी से त्यागपत्र दे दिया। साल 2018 से लेकर 2022 तक 658 जवानों ने आत्महत्या कर ली है। स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वालों में बीएसएफ के कार्मिक पहले नंबर पर हैं, जबकि सीआरपीएफ का नंबर दूसरा है।

गत पांच वर्ष में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के 658 जवानों ने आत्महत्या कर ली। अगर किसी प्राकृतिक आपदा या दुश्मन के हमले में जवान हताहत हों, तो समझ आता है। यहां तो वे



आत्महत्या कर रहे हैं। आत्महत्या करने वालों में उफ्ढ के 230, बीएसएफ के 174, सीआईएसएफ के 91, एसएसबी के 65, आईटीबीपी के 51, असम राइफल के 47 और एनएसजी के करीब आधा दर्जन जवान शामिल हैं। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के मुताबिक, इन बलों में आत्महत्याओं और भ्रातृहत्याओं को रोकने के लिए जोखिम के प्रासंगिक घटकों एवं प्रासंगिक जोखिम समूहों की पहचान करने तथा उपचारात्मक उपायों से संबंधित सुझाव देने के लिए एक कार्यबल का गठन किया गया है। कार्यबल की रिपोर्ट तैयार हो रही है। सीएपीएफ में तबादले और छुट्टी को लेकर पारदर्शी नीतियां बनाई जा रही हैं।

### 47000 जवानों ने लिया वीआरएस तो 6000 ने दिया त्यागपत्र

कठिन क्षेत्रों में सेवा करने के पश्चात यथासंभव उसकी पसंदीदा तैनाती पर विचार किया जाता है। जवानों की शिकायतों का पता लगाने के लिए और उनका निराकरण करने के मकसद से अधिकारियों के साथ नियमित संवाद होता है। बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। उनकी व्यक्तिगत एवं मनोवैज्ञानिक चिंता के निवारण के लिए विशेषज्ञों के साथ बातचीत का आयोजन होता है। बेहतर पहचान तथा समाज में सम्मान देने के लिए सेवानिवृत्त सीएपीएफ कार्मिकों को पूर्व सीएपीएफ कार्मिक का नाम दिया जाता है। अगर कोई ड्यूटी पर घायल होता है, तो अस्पताल में बितायी गई अवधि, ड्यूटी की अवधि मानी जाती है। रहन सहन, मनोरंजन व खेल की सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। जवानों के बच्चों को छात्रवृत्ति सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई हैं। जब कभी रिक्तियां उत्पन्न होती हैं, तो पात्र कर्मियों को नियमित रूप से पदोन्नति दी जाती है। 10, 20 व 30 साल की सेवा पूरी होने के बाद एमएसपी के तहत वित्तीय लाभ प्रदान किए जाते हैं।

बल के पूर्व अफसर बताते हैं कि इन जवानों को घर की परेशानी नहीं है। सरकार इस मामले में झूठ बोल रही है कि आत्महत्या के पीछे घरेलू वजह होती हैं। इन्हें ड्यूटी पर क्या परेशानी है, इस बारे में सरकार कोई बात नहीं करती। आतंक, नक्सल, चुनावी ड्यूटी, आपदा, वीआईपी सिक्योरिटी और अन्य मोर्चों पर इन बलों के जवान तैनात हैं। इसके बावजूद उन्हें सिविल फोर्स बता दिया जाता है।

जवानों को पुरानी पेंशन से वंचित रखा जा रहा है। सिपाही से लेकर कैडर अफसरों तक की प्रमोशन में लंबा वक्त लग रहा है। नतीजा, जवान टेंशन में रहने लगते हैं। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को भारतीय सेना के बराबर शहीद का दर्जा मिले। इन बलों के लिए पुनर्वास और पुनःस्थापन बोर्ड गठित किया जाए। बीएसएफ के पूर्व एडीजी संजीव कृष्ण सूद कहते हैं, कई जगहों पर वर्कलोड ज्यादा है। जवान ठीक से सो नहीं पाते हैं। वे अपनी समस्या किसी के सामने रखते हैं, तो वहां ठीक तरह से सुनवाई नहीं हो पाती। ये बातें जवानों को तनाव की ओर ले जाती हैं। कुछ स्थानों पर बैरक एवं दूसरी सुविधाओं की कमी नजर आती हैं। कई दफा सीनियर की डांट फटकार भी जवान को आत्महत्या तक ले जाती है।

समय पर प्रमोशन या रैंक न मिलना भी जवानों को तनाव देता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 2019 में सीएपीएफ जवानों को एक साल में 100 दिन की छुट्टी देने की घोषणा की थी। अभी तक किसी भी बल में यह योजना लागू नहीं हो सकी है।

# बकरियां चराने गई नाबालिग को भट्ठी में जलाया, चांदी के कड़े से हुई पहचान, गैंगरेप की आशंका

**भीलवाड़ा, एजेंसी।** राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के कोटड़ी थाना क्षेत्र में बकरियां चराने गई एक किशोरी को कोयले की भट्ठी में जला देने का मामला सामने आया है। कोयला भट्ठी से किशोरी के जले हुए शव के अवशेष एवं एक चांदी का कड़ा मिला है। मौके पर कोटड़ी थाना पुलिस के साथ ही अधिकारी, डॉग स्क्वायड, एफएसएल टीम मौके पर पहुंच गए और जांच पड़ताल कर रहे है। आशंका जताई जा रही है कि पहले किशोरी के साथ गैंगरेप किया गया होगा और उसके बाद उसे जिंदा भट्ठी में जला दिया गया। पुलिस ने बताया कि कोयला भट्ठी पर काम करने वाले कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है और मामले में जांच की जा रही है।

इस घटना के सामने आने के बाद पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता कालू लाल गुर्जर, उप जिला प्रमुख शंकर गुर्जर एवं अन्य लोग घटनास्थल पर पहुंचे। कालू लाल गुर्जर ने मांग की है कि किशोरी के परिजनों को 50 लाख का मुआवजा दिया जाए, हत्यारों को फांसी की सजा मिले और पूरे पुलिस थाने को निलंबित किया जाए। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि देर रात जब बालिका नहीं



मिली तो परिजन रिपोर्ट दर्ज कराने थाने गए लेकिन उन्हें एक बार टाल दिया गया। कोटड़ी डीएसपी श्याम सुंदर विश्नोई और थाना अधिकारी खींवराज गुर्जर के अनुसार कोटड़ी थाना सर्किल की यह किशोरी हमेशा की तरह बुधवार सुबह आठ–नौ बजे घर से बकरियां चराने के लिए जंगल में गई थी और रोजना ढाई बजे तक बकरियां लेकर घर लौट आती है लेकिन बुधवार दोपहर बकरियां तो घर आ गई मगर किशोरी नहीं लौटी।

इस पर उसके परिजन किशोरी की रिश्तेदारी सहित सब जगह तलाश करने लगे लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। इसके बाद वे तलाश करते हुए नृसिंगपुरा के जंगल की ओर गए जहां चार–पांच कोयला भट्टियों में से एक भट्ठी जलती मिली। इसके चलते परिजनों को एक ही भट्ठी चलने और दुर्गंध आने पर शंका हुई। इस पर जलती भट्ठी की राख को खंगाला गया तो उसमें चांदी का एक कड़ा मिला। इससे किशोरी की पहचान की गई। भट्ठी में से किशोरी के शव के जले हुए अवशेष मिले हैं। देर रात में ही ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए और बाद में सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने भट्ठी की आग को बुझाकर भट्टी सहित आस–पास के स्थान को सुरक्षित करते हुए उच्चाधिकारियों को हालात बताए और इसके बाद एएसपी शाहपुरा किशोरी लाल, डीएसपी कोटड़ी श्यामसुंदर विश्नोई मौके पर पहुंचे।

## बहराइच में तीन तलाक, सऊदी में बैठे पति ने फोन कर दिया तलाक, दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

**बहराइच, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के जरवलरोड क्षेत्र निवासी एक महिला को उसके पति ने सऊदी अरब से फोन कर तीन तलाक दे दिया। साथ ही रिकॉर्डिंग भी पत्नी की मोबाइल पर भेजा है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि जरवल रोड थाना क्षेत्र के जरवल नगर पंचायत के मोहल्ला रानीताल निवासी शायरून का विवाह उसी मोहल्ले के निवासी जुनैद अहमद से हुआ था। महिला का कहना है कि विवाह के कुछ समय बाद पति सऊदी अरब चला गया लेकिन ससुराल के लोग दहेज में रुपए और अन्य सामान की मांग करते रहे। जिनका साथ पति भी देता रहा।

महिला का कहना है कि दहेज की मांग पूरी ना होने पर सऊदी में बैठे पति ने फोन पर तीन तलाक दे दिया। इसके बाद तलाक के रिकॉर्डिंग भी उसके मोबाइल पर भेज दी वहीं ससुराल के अन्य लोगों ने शायरून की पिटाई की, इसके बाद उसे घर से भगा दिया। महिला ने थाने में तहरीर दी है।

## महाराष्ट्र : नागपुर में तीन मंजिला इमारत ढही, कोई हताहत नहीं


**नागपुर ,(एजेंसी)।** महाराष्ट्र के नागपुर शहर में एक तीन मंजिला इमारत कथित तौर पर नाले में गिर गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

अधिकारी के मुताबिक यह इमारत महाराष्ट्र के नागपुर शहर के हबीब नगर, टेका में स्थित है। उन्होंने बताया कि भारी बारिश के कारण नाले में पानी का स्तर काफी बढ़ गया था, जिससे इमारत की नींव कमजोर हो गई और वह नाले में गिर गई।यह इमारत शकील अंसारी की है।

# यूजीसी ने 20 विश्वविद्यालयों को फर्जी घोषित किया

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने दिल्ली के आठ सहित बीस विश्वविद्यालयों को फर्जी घोषित कर दिया। पिछले साल यूजीसी ने 21 विश्वविद्यालयों को फर्जी घोषित किया था। यूजीसी ने कहा कि ये संस्थान छात्रों को कोई भी डिग्री देने के लिए अधिकृत नहीं हैं और छात्रों को इन संस्थानों में प्रवेश लेने के प्रति सचेत भी किया है। इसने माता–पिता और छात्रों को किसी भी पाठ्यक्रम में नामांकन से पहले विश्वविद्यालयों की प्रामाणिकता की जांच करने की दृढ़ता से सलाह दी।यूजीसी सचिव मनीष जोशी ने कहा, यूजीसी को हाल ही में पता चला है कि कुछ संस्थान यूजीसी अधिनियम का उल्लंघन करके डिग्री प्रदान कर रहे हैं। परिणामस्वरूप, इन विश्वविद्यालयों की डिग्री को आगे की शिक्षा या रोजगार उद्देश्यों के लिए मान्यता या स्वीकार नहीं किया जाएगा। इन विश्वविद्यालयों के पास कोई भी डिग्री प्रदान करने का अधिकार नहीं है।यूजीसी द्वारा जारी सूची के अनुसार, फर्जी विश्वविद्यालयों हैं : अखिल भारतीय सार्वजनिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य विज्ञान संस्थान (एआईपीएचएस) राज्य सरकार विश्वविद्यालय, कार्यालय संख्या 608–609, पहली मंजिल, संत कृपाल सिंह पब्लिक ट्रस्ट बिल्डिंग, बीडीओ के पास कार्यालय, अलीपुर; कमर्शियल यूनिवर्सिटी लिमिटेड, दरियागंज; संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय; व्यावसायिक विश्वविद्यालय; एडीआर–सेंट्रिक ज्यूरिडिकल यूनिवर्सिटी, एडीआर हाउस, 8जे, गोपाला टॉवर, 25 राजेंद्र प्लेस; भारतीय विज्ञान एवं इंजीनियरिंग संस्थान; स्व–रोजग़ार के लिए विश्वकर्मा मुक्त विश्वविद्यालय, रोजग़ार सेवासदन, 672, संजय एन्क्लेव, सामने।

# पाकिस्तान क्रिकेट जगत में शोक की लहर



नई दिल्ली, पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर और पीसीबी चेयरमैन इजाज बट का 85 साल की उम्र में लाहौर में निधन हो गया है। पीसीबी ने बट के निधन की पुष्टि की। इसके चलते पाकिस्तानी क्रिकेट में शोक की लहर है।

पीसीबी ने किया पोस्ट–

पीसीबी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जका अशरफ ने लिखा कि "पीसीबी ढउइ की ओर से, मैं श्री इजाज बट के दुखद निधन पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करना चाहता हूं। मुझे उन्हें वयक्तिगत तौर से जानने का मौका मिला और मेरे मन में बट के प्रति सम्मान के अलावा कुछ नहीं है। मैं इजाज बट के परिवार और दोस्तों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं और उन्हें आश्वासन देता हूं कि पाकिस्तान क्रिकेट में उनके योगदान के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा।

बट का करियर–

बट ने पाकिस्तान के लिए आठ टेस्ट खेले और 1959 में वेस्टइंडीज 1959 हक ५२ स्त्रं' के खिलाफ कराची में विकेटकीपर–बल्लेबाज के रूप में डेब्यू किया। उन्होंने आखिरी मैच 1962 में इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में हुआ था। वह 1982 में ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पाकिस्तान टीम के प्रबंधक थे और कई बार चयन समिति के प्रमुख थे। उन्होंने 1984–88 तक पाकिस्तान क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड – पीसीबी के पूर्ववर्ती – के सचिव के रूप में भी काम किया।

**पीसीबी ने पाकिस्तान पर प्रतिबंध–**

बट के कार्यकाल के दौरान पाकिस्तान की कप्तानी कई बार बदली गई। ऑस्ट्रेलिया के निराशाजनक दौरे के बाद पीसीबी ने अपने ही खिलाड़ियों के खिलाफ भारी प्रतिबंध लगाए। मोहम्मद यूसुफ और यूनिस खान पर 2010 में "अनिश्चित काल" के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया था, मलिक और नावेद–उल–हसन पर एक साल का प्रतिबंध लगाया गया था जबकि शाहिद अफरीदी, कामरान अकमल और उमर अकमल को छह महीने की परिवीक्षा पर रखा गया था। यूसुफ और यूनिस कुछ महीने बाद टेस्ट क्रिकेट में लौटे थे।

स्पॉट फिक्सिंग में फंसे–

बट को स्पॉट फिक्सिंग कांड के नतीजों से भी संतुष्ट होना पड़ा था, जिसमें पाकिस्तान के तीन खिलाड़ी – कप्तान सलमान बट, और गेंदबाज मोहम्मद आसिफ और मोहम्मद आमिर – पैसे के बदले लॉर्ड्स में एक टेस्ट में नो–बॉल फेंकने के लिए सहमत होते पकड़े गए थे। तीन खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया और पीसीबी और इंग्लैंड के बीच संबंध विशेष रूप से खराब हो गए, जिसमें बट ने कम से कम एक अवसर पर योगदान देने में भूमिका निभाई। बट की जगह 2011 में जका अशरफ को नियुक्त किया गया, जो वर्तमान पीसीबी अध्यक्ष भी हैं।

## रोहित–विराट को बाहर करने पर प्रशंसक भड़के

नई दिल्ली ,भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली को वेस्टइंडीज के खिलाफ आखिरी दो वनडे मैचों के लिए आराम दिए जाने के बाद प्रशंसकों ने नाराजगी जताई।रोहित शर्मा और विराट कोहली को वेस्टइंडीज के खिलाफ आखिरी दो वनडे मैचों में प्लेइंग–11 से बाहर रखने के बाद क्रिकेट फैंस ने नाराजगी जताई और बीसीसीआई और टीम प्रबंधन की जमकर आलोचना की।इतना ही नहीं, प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर सवाल उठाए, और भारतीय बोर्ड और कोच से पूछा कि जब रोहित और कोहली को आराम दिया जा रहा है तो वनडे सीरीज़ में उनका नाम क्यों लिया गया।हालांकि, एक यूजर ने कहा कि कोहली और रोहित को टीम में रखने के लिए बीसीसीआई पर ब्रॉडकास्टर्स का दबाव था। यूजर ने लिखा, अरे... ब्रॉडकास्टर्स प्रोमो में क्या डालेंगे फिर.. ऐड वालों को कैसे कन्विंस करेंगे।दिलचस्प बात यह है कि इस साल हमारे सामने आईसीसी वनडे विश्व कप है और हमारे मुख्य खिलाड़ी उससे पहले आराम कर रहे हैं और वनडे नहीं खेल रहे हैं।एक अन्य ने लिखा, अगर रोहित या विराट को वनडे सीरीज में नहीं खेलना है तो उन्हें ले जाने का कोई मतलब नहीं है।

## इंडिया दौरे पर किसी कीमत पर नहीं आएगा स्टार ऑलराउंडर, संन्यास पर है अडिग



नई दिल्ली, भारत जनवरी और मार्च 2024 में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड की मेजबानी करेगा।

इससे पहले ही इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी मोईन अली ने पुष्टि की है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवां एशेज टेस्ट उनके करियर का आखिरी टेस्ट मैच था। उन्होंने कहा कि वह अगले साल टेस्ट सीरीज के लिए भारत का दौरान नहीं करेंगे।गार्डियन ने मोईन के हवाले से कहा, "मेरा, भारत जाने का कोई रास्ता नहीं है। इस तरह से करियर को समाप्त करना अच्छा है। टेस्ट क्रिकेट सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट है। काश मैं समय को पीछे कर पाता।" मोइन ने इंग्लैंड के लिए 68 टेस्ट खेले हैं और पांच शतक और 15 अर्द्धशतक के साथ 3,094 रन बनाए हैं। ऑफ स्पिनर ने टेस्ट क्रिकेट में 204 विकेट भी लिए हैं।

**ऊपर–नीचे रहा है मोईन का टेस्ट करियर**

अच्छे रिकॉर्ड के बावजूद, मोईन ने इस तथ्य को स्वीकार किया कि उनका टेस्ट करियर ऊंचे स्तर पर होता। मोईन अली ने कहा, "हालांकि मेरा टेस्ट करियर थोड़ा ऊपर–नीचे रहा है, लेकिन मैं इसे नहीं बदलूंगा। मुझे यह पसंद आया है। यह काफी चुनौतीपूर्ण था क्योंकि मैंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कभी अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था।"हालांकि, 36 वर्षीय खिलाड़ी की क्रिकेट से पूरी तरह दूर जाने की कोई योजना नहीं है, क्योंकि वह फ्रेंचाइजी क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। मोईन ने आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है, जबकि पीएसएल और द हंड्रेड जैसी अन्य लीगों में भी बेहतरीन प्रदर्शन कियाा है।

स्टुअर्ट ब्रॉड ने दिलाया विश्वास

मोईन ने कहा कि स्टुअर्ट ब्रॉड के संन्यास पर कहा कि यह वास्तव में अच्छा था कि उन्होंने उन्हें अपने साथ चलने की अनुमति दी।

# ऑक्शन से पहले सभी फ्रेंचाइजियों ने जारी की रिटेन प्लेयरों की लिस्ट

नई दिल्ली, साउथ अफ्रीका लीग के सफल उद्घाटन सीजन के बाद, सभी 6 फ्रेंचाइजी दूसरे सीजन के लिए तैयारी कर रही हैं। सभी फ्रेंचाइजियों ने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी है। दूसरे सीजन की नीलामी 27 सितंबर को जोहान्सबर्ग में होने वाली है।

जहां प्रत्येक टीम के पास फ्३9.1 मिलियन का बजट होगा, जो पिछली बार से फ्.1 मिलियन से अधिक है।

नीलामी में कुल 21 स्लॉट भरे जाने हैं, जिनमें से छह साउथ अफ्रीका के नौसिखिया खिलाड़ियों के लिए रिजर्व रखी गई है। ये वो खिलाड़ी होते हैं, जिनकी उम्र 22 वर्ष या उससे कम है और उसने पहले रअ20 नहीं खेला है। प्रत्येक टीम को 19 खिलाड़ियों की एक टीम बनानी होगी, जिसमें न्यूनतम दस दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी, अधिकतम सात अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और एक नौसिखिया खिलाड़ी होगा।

**नीलामी से पहले रिटेन किए गए खिलाड़ियों की पूरी सूची:**

डरबन के सुपरजायंट्स (पर्स में बचे पैसे, फ्1.675 मिलियन)

प्रेनेलन सुब्रायन, क्विंटन डी कॉक (कप्तान), नवीन उल हक, काइल मेयर्स, रीस टॉपले, भानुका राजपक्षे, ड्वेन प्रिटोरियस, केशव महाराज, कीमो पॉल, काइल एबॉट, हेनरिक क्लासेन, वियान मुल्डर, दिलशान मदुशंका, जॉन–जॉन स्मट्स, मैथ्यू ब्रीट्जके, जूनियर डाला

भरे जाने वाले स्लॉटः 3

जॉबर्ग सुपर किंग्स (पर्स में बचे पैसे, फ्6.1 मिलियन)

गेराल्ड कोएट्जी, फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), मोईन अली, डेविड विसे, जहीर खान, सैम कुक, लेउस डु प्लॉय, रीजा हेंड्रिक्स, लिजाद विलियम्स, नंद्रे बर्गर, डोनोवन फरेरा, आरोन फांगिसो, सिबोनेलो मखान्या, काइल सिमंड्स

भरे जाने वाले स्लॉटः 5

एमआई केप टाउन (बचे हुए पैसे, फ्.05 मिलियन)

डेवाल्ड ब्रेविस, कैगिसो रबाडा, राशिद खान (कप्तान), सैम कुरेन, लियाम लिविंगस्टोन, टॉम बैंटन, रासी वैन डेर डुसेन, डेलैंटो पोटगिएटर, रयान रिकलटन, जॉर्ज लिंडे, ब्यूरन हेंड्रिक्स, डुआन जानसन, ओली स्टोन, ग्रांट रूलोफसेन, जोफ्रा आर्चर (वाइल्डकार्ड)

# "स्पिन के खिलाफ बाजबॉल देखना दिलचस्प", इंग्लैंड के पूर्व क्रिक्रेटर का भारत के खिलाफ सीरीज पर बड़ा बयान



नई दिल्ली, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन को उम्मीद है कि तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन अगले साल की शुरुआत में पांच टेस्ट मैचों की कठिन सीरीज के लिए भारत का दौरा करेंगे।

**एंडरसन होंगे अहम–**

हुसैन और ऑलराउंडर मोईन के संन्यास लेने से 41 साल पुराना अनुभव उपमहाद्वीपीय परिस्थितियों में काम आएगा। ऐसे में एंडरसन अगले साल भारत का दौरा करने के लिए उत्सुक होंगे।

**भारत के खिलाफ एंडरसन का अच्छा रिकॉर्ड–**

हुसैन ने गुरुवार को आईसीसी रिव्यू में कहा कि "जिमी (एंडरसन) का भारत के खिलाफ बहुत अच्छा रिकॉर्ड है और आपको एक संतुलित आक्रमण की जरूरत है। युवा खिलाड़ियों को आने के लिए आपको उस अनुभव की जरूरत है।"

**नेट्स पर वापस जाने के इच्छुक एंडरसन–**

हुसैन ने कहा कि एंडरसन अल्लीं१२ड्ढल्ल पहले से ही नेट्स में वापस जाने और अपने खेल पर कड़ी मेहनत करने के बारे में सोच रहा है और यह एक अच्छा संकेत है कि उसमें अभी भी वह भूख है। वह 700 (टेस्ट विकेट) से सिर्फ 10 विकेट दूर है और यही उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

संन्यास का इंग्लैंड पर असर–


इंग्लैंड टीम पर खिलाड़ियों के संन्यास का लगातार असर पड़ा है। ऐसे में हुसैन ने कहा कि "मुझे लगता है कि विशेष रूप से ब्रॉड के जाने के साथ,भारत में एंडरसन का अनुभव अहम होगा। हुसैन ने कहा कि वोक्स और ब्रॉड की गैरमौजूदगी में टीम को एंडरसन जैसे किसी व्यक्ति के अनुभव की आवश्यकता होगी।"

टेस्ट में भारत कड़ी चुनौती–

भारत का दौरा "बैजबॉल" के लिए अगली सबसे बड़ी चुनौती होगी। इंग्लैंड के लिए अगली चुनौती भारत होगा और हर कोई जानता है कि भारत टेस्ट मैच क्रिकेट में सबसे कड़ी चुनौतियों में से एक है।" हुसैन ने कहा "यह स्पिन के खिलाफ बैजबॉल' है। रविचंद्र अश्विन, जडेजा और अक्षर पटेल के खिलाफ बैजबॉल दिलचस्प होने वाला है।"

## फिल्मी दुनियां

# फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने तीसरे दिन की बंपर कमाई



करण जौहर के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानीइ 28 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. फिल्म में आलिया भट्ट और रणवीर सिंह की रोमांटिक जोडी को ऑडियंस खूब पसंद रही है इसी के साथ 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानीइ को देखने के लिए सिनेमाघरों में दर्शकों की भीड़ भी उमड रही है. फिल्म की ओपनिंग अच्छी रही थी. वहीं वीकेंड पर तो फिल्म की कमाई में जबरदस्त उछाल आया और इसने कई करोड़ रुपये अपने कलेक्शन में जुटा लिए. चलिए यहां जानते हैं 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानीइ ने संडे यानी रिलीज के तीसरे दिन कितना बिजनेस किया है.'रॉकी और रानी की प्रेम कहानीइ का जादू दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है. फिल्म की कमाई की बात करें तो इसने पहले दिन 11.10 करोड़ का कारोबार किया. वहीं वीकेंड पर तो फिल्म को देखने के लिए सिनेमाघरों में जमकर दर्शक पहुंचे. इसी के साथ शनिवार और रविवार की छुट्टी का पूरा फायदा फिल्म को मिला. बता दें कि शनिवार को फिल्म की कमाई में 44. 59 फीसदी का उछाल आया था और इसने 16.5 करोड़ रुपयों का कलेक्शन किया था. वहीं अब रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की फिल्म की कमाई के तीसरे दिन यानी रविवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं.रिपोर्ट के मुताबिक 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानीइ ने रिलीज के तीसरे दिन यानी संडे को 18 करोड़ रुपयों का शानदार कलेक्शन किया है. जिसके बाद फिल्म की तीन दिन की कुल कमाई अब 45.15 करोड़ रुपये हो गई है.

फिल्म में आलिया भट्ट और रणवीर सिंह के अलावा धर्मेंद्र, जया बच्चन, शबाना आजमी, आमिर बशीर, तोता रॉय चौधरी, चूर्णी गांगुली, क्षिति जोग और अंजलि आनंद अहम भूमिका में हैं. करण जौहर ने अपनी आखिरी फिल्म 'ऐ दिल है मुश्किल (2016) के सात साल बाद इस फिल्म का निर्देशन किया है. फिल्म में सारा अली खान और अनन्या पांडे की भी स्पेशल अपीयरेंस है. यह फिल्म एक कपल, रणवीर सिंह और आलिया की कहानी है, जो अलग–अलग बैकग्राउंड और कल्चर से आते हैं और एक दूसरे के प्यार में पड़ जाते हैं.

## विश्वकसेन की गैंग्स ऑफ गोदावरी की पहली झलक आई सामने

विश्वकसेन की बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर गैंग्स ऑफ गोदावरी ने अपने मनोरंजक शीर्षक घोषणा टीज़र का खुलासा कर दिया है, जिसने दर्शकों को रोमांचित कर दिया है।

कृष्णा चैतन्य के निर्देशन में, फिल्म में नेहा शेट्टी मुख्य भूमिका में हैं, जबकि अंजलि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। टीज़र में, विश्वकसेन ने पहले कभी न देखे गए कच्चे और देहाती अवतार को कुशलतापूर्वक अपनी बोली को बदलते हुए दिखाया है, जो साज़िश को बढ़ाता है। युवान शंकर राजा का विद्युतीकरण स्कोर टीज़र की तीव्रता को बढ़ाता है। राजनीति के स्पर्श के साथ एक्शन से भरपूर फिल्म होने का वादा करते हुए, गैंग्स ऑफ गोदावरी में नासर, साई कुमार, गोपराजू रमना और अन्य कलाकारों की टोली शामिल है।

## अरशद वारसी ने लगाई वेलकम 3 पर मुहर, अक्षय कुमार और संजय दत्त संग आएंगे नजर



अनीस बज्मी की साल 2007 में आई कॉमेडी फिल्म वेलकम ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। फिल्म को लोगों ने काफी पसंद किया था और ऐसे में 2015 में इसका सीक्ल्ल वेलकम बैक आया, जिसने भी अच्छा प्रदर्शन किया। इसके बाद से ही फिल्म के अगले भाग वेलकम 3 का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब अरशद वारसी ने फिल्म पर मुहर लगाते हुए बताया है कि मेकर्स जल्द ही काम शुरू करने वाले हैं।

अरशद ने वेलकम के सीक्ल्ल की पुष्टि करते हुए कहा कि यह एक बहुत बड़ी फिल्म होगी। अभिनेता ने बताया कि वेलकम 3 को बड़े पैमाना पर बनाया जा रहा है, जिसकी लागत और क्लाइमेक्स शानदार होंगे। उन्होंने कहा, यह एक बहुत बड़ी नाटकीय फिल्म है, जिसका मैं हिस्सा बन रहा हूं। इसमें मेरे साथ अक्षय कुमार, संजय दत्त, परेश रावल और कई अन्य सितारे शामिल हैं।अरशद ने आगे कहा, आज सिनेमा का परिदृश्य बदल गया है। अब सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली सभी फिल्में सुपरहीरो हैं। वे विशाल और विचित्र हैं। इन बड़ी फिल्मों में छोटा–मोटा काम करना मुझे पसंद नहीं है। मेरे लिए नौकरी में संतुष्टि सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ये ऐसी फिल्में हैं, जो मुझे ढेर सारा पैसा देंगी।

इससे पहले मुझे जो प्रस्ताव मिले, वह मुझे पसंद नहीं आए थे। मैं अब जो फिल्म कर रहा हूं वह वेलकम 3 है।

## शोभिता धुलिपाला की मेड इन हेवन 2 की रिलीज तारीख से उठा पर्दा, पहला पोस्टर जारी



मेड इन हेवन सीजन 2 का इंतजार फैंस बेसब्री से कर रहे थे और अब फाइनली डेट रिवील कर दी गई है. सीरीज के रिलीज का काउंटडाउन शुरू हो चुका है. अगले महीने ही इसे प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम कर दिया जाएगा. मेडन इन हेवन 2 की पहली झलक शेयर करते हुए बताया गया है कि ये 10 अगस्त को रिलीज होगी. वहीं ये अनाउंसमेंट होते ही इस सीरीज के चाहनेवाले काफी खुश हैं. इस ओटीटी शो की निर्माता जोया अख्तर ने खुद इसका ऐलान किया है और खुशी भी जाहिर की है. सीरीज के दूसरे सीजन को वहीं से आगे बढ़ाया जाएगा जहां से पहले सीजन का एंड हुआ था. घर छोड़कर निकली तारा अब अपनी जिंदगी को कैसे आगे ले जाएगी. क्या वो वापस आदिल के पास लौटेंगी. या फिर आदिल और फैजा हमेशा के लिए एक हो जाएंगे. इन सवालों का जवाब तो मिलेगा ही साथ ही बिग फैट इंडियन्स वेडिंग की कुछ दिलचस्प कहानियां भी फिर से लोगों को लुभाएगी. वहीं जिम सरभ, शोभिता धुलिपाला, कल्कि कोचलिन, अर्जुन माथुर, शशांत अरोड़ा के अलावा इस बार सीरीज में कुछ नए चेहरे भी दिखेंगे. मोना सिंह, इश्वाक सिंह और त्रिनेत्रा हलधर भी सीरीज का हिस्सा बन चुके हैं.

## अमरीन कुरैशी को साउथ इंडस्ट्री के 4 बड़े प्रोडक्शन हाउस ने किया साइन



कुछ महीने पहले जब निर्देशक राजकुमार संतोषी की बैड बॉयज़ सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, तो फिल्म की मुख्य अभिनेत्री अमरीन को उनके दमदार अभिनय के लिए काफी सराहना मिली थी। सभी ने उनकी अभिनय क्षमता और उनकी शानदार स्क्रीन उपस्थिति की सराहना की। इस प्रकार, बॉलीवुड में एक नई और रोमांचक प्रतिभा का जन्म हुआ। उन्हें हाल ही में मिड–डे आइकॉनिक शोबिज़ अवाड्र्स (2003) द्वारा आइकॉनिक बेस्ट फीमेल एक्ट्रेस इन लीडिंग रोल से भी सम्मानित किया गया था। स्वाभाविक रूप से, इतना प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करने के बाद, और वह भी अपने पदार्पण के कुछ महीनों के भीतर, वह बहुत खुश थी!

अब अमरीन की ओर से एक और अच्छी खबर आई है। धीरे–धीरे वह न सिर्फ बॉलीवुड बल्कि साउथ फिल्म इंडस्ट्री में भी अपनी पहचान बना रही हैं। बॉलीवुड के साथ–साथ साउथ फिल्म इंडस्ट्री दोनों ही उनकी शानदार अभिनय प्रतिभा को नोटिस कर रहे हैं और यही कारण है कि उन्हें साउथ इंडस्ट्री के चार बड़े प्रोडक्शन हाउस ने साइन किया है।

अमरीन के पहले प्रदर्शन से प्रभावित होकर, ग्रीन स्टूडियो, प्रिंस पिक्र्स, एसवीसीसी और सरस्वती फिल्म डिवीजन (टैगोर मधु) जैसे बड़े दक्षिण भारतीय बैनरों ने अपनी आगामी बड़े बजट की फिल्मों के लिए अमरीन से संपर्क किया और उन्हें साइन किया। बड़े सितारों के साथ लार्जर देन लाइफ फिल्मों का निर्माण करने के लिए जाना जाने वाला स्टूडियो ग्रीन वर्तमान में सूर्या 42 नामक एक बड़ी शानदार फिल्म का निर्माण कर रहा है जिसमें सूर्या मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। प्रिंस पिक्र्स ने हाल ही में ब्लॉकबस्टर फिल्म सरदार दी है और उनके बैनर तले निर्माता लक्ष्मण फिलहाल सरदार 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं।

जयन्त

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

नागेन्द्र उनियाल

आर.एन.आई. 35469 / 79

फोन / फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com